53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 12.0°c | अधिकतम 27.0 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:39, सूर्यास्त - 6:21 | वर्ष : 53/ अंक : 64 | बृहस्पतिवार, 06 मार्च 2025 | फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, सप्तमी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

मजबूत बनो, लेकिन असभ्य नहीं
दयालु बनो, मगर कमजोर नहीं
विनम्र रहो, लेकिन डरपोक नहीं
गर्व करो, लेकिन अहंकार नहीं।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

महाकुंभ का आयोजन हो रहा था, बहुत सारे माननीय थे जो तमाम प्रकार के अनर्गल प्रलाप कर रहे थे : योगी



जो अनर्गल प्रलाप करते हैं... वे सदा दुःख में डूबे रहते हैं.....

# न जाने किसकी सलाह से दिये जाते हैं बेतुके फरमान?

## अब मीनाक्षी, नावल्टी से धक्के खाते हुए बाजारों में पैदल जाएंगे महिला, बच्चे और नौजवान



**मुजफ्फरनगर, 5 मार्च (बु.)।** जैसा कि सबको पता है कि मुजफ्फरनगर राम भरोसे ही चलता है। न तो यहां अधिकारियों से नेता पूछते हैं और न ही यह सलाह किसी व्यापार मण्डल अथवा बाजारों में आने-जाने वाले लोगों से ली जाती है कि आखिर ट्रैफिक प्लान होना किस तरह से चाहिए। दो दिन पहले एकाएक ट्रैफिक विभाग की ओर से एक एडवाइजरी जारी की जाती है कि नावल्टी चौक से आगे, मीनाक्षी चौक से आगे, झांसी की रानी चौक से आगे सवारियों से भरी ई-रिक्शाएं नहीं जाने दी जाएंगी। ऐसे में किस मंशा और किसकी सलाह से यह प्लान लागू किया गया है, ये तो शायद किसी को नहीं पता मगर आम जनता यह सवाल जरूर पूछ रही है कि जिनकी सलाह पर यह प्लान लागू किया गया है, जरा दो-दो थैले लेकर ऐसे लोगों को नावल्टी चौक से आगे आलू मण्डी या भगत सिंह रोड तक पैदल आलू प्याज लेने के लिए भेज दो और वापसी पैदल इन्हीं चौराहों पर बुला लो, तो इस प्लान में क्या क्या खामियां हैं, यह बताने की जरूरत नहीं पड़ेगी। बुद्धिजीवी अधिकारियों को यह पता होना चाहिए कि शहर में जब व्यक्ति खरीदारी के लिए आता है तो उसका प्रयास यह रहता है कि वह ई-रिक्शा पर पैसा खर्च कर रहा है तो कम से कम उस बाजार के बाहर चाहे एसडी मार्किट, भगत सिंह रोड या फिर आलू मण्डी तक ई- रिक्शा चालक उसे वहां तक उतार दे। ऐसे में कौन से संभ्रान्त परिवार की महिला पहले नावल्टी चौक, मीनाक्षी चौक पर रिक्शा से उतरेगी और उसके बाद गर्मी में पसीना बहाती हुई बाजारों में कपड़ा, श्रृंगार, ज्वैलरी, दैनिक दिनचर्या में काम आने वाली दाल, चीनी, चावल लेने के लिए पैदल घूमती फिरेगी और इतना वजन ढोकर कहां तक ले जाएगी। आम आदमी के पास इन अधिकारियों और नेताओं की तरह कर्मचारी नहीं होते, जिन्हें वह बोझ ढोने के लिए साथ लेकर घूमता फिरे, उन्हें अपना काम खुद ही धक्के खाकर करना पड़ता है। ऐसे में उक्त प्लान किसकी सलाह पर लागू किया गया है, यह तो अधिकारियों और नेताओं का काम है, जिसे वह अपने आप पता करेंगे, मगर फिलहाल नगर का आम आदमी यही कहता दिख रहा है कि वास्तव में यह शहर राम भरोसे ही चलता रहेगा, यहां जब जिसकी मर्जी आए, जो तानाशाही दिखाना चाहे, दिखा सकता है। मगर जनता भी इसका विरोध करने से पीछे नहीं हटेगी। अगले एक दो दिनों में यह प्लान हटाया न गया तो आम जनता का सड़क पर आना तय है।

### कहीं अवैध ई-रिक्शाओं से ध्यान हटाने के लिए जान-बूझकर तो लागू नहीं किया गया प्लान?

**मुजफ्फरनगर, 5 मार्च (बु.)।** आम जनता के दिमाग में उक्त प्लान के लागू होने के बाद तरह-तरह की बातें मन में आ रही हैं। आम जनता साफ कहती दिख रही है कि जब से जिलाधिकारी द्वारा अवैध ई-रिक्शाओं को खुर्द-बुर्द करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया है, तो आम आदमी को परेशान करके किस तरह से उसका ध्यान भटकाया जाये और नावल्टी, मीनाक्षी चौक पर रिक्शाएं रोककर यह हा-हाकार मचवाया जाए कि ई-रिक्शाएं पुनः चलाई जाएं। फिर चाहे वे अवैध रूप से ही क्यों न चलाई जाएं। शायद आमजन का ध्यान अवैध ई-रिक्शाओं की ओर से भटकाने के लिए ही जान-बूझकर ये बेतुका फरमान लागू किया गया है, लेकिन पब्लिक भी हर बात जानती है। यह बेतुका प्लान आम जनता को परेशान करने के लिए डेढ़ वर्ष पहले भी लागू किया गया था, जो पूरी तरह से फेल साबित हुआ था, फिर न जाने कौन अधिकारी अथवा नेता ये प्लान लागू करा रहा है, यह भी राम ही जाने।

### क्यों नहीं किया जाता अलग-अलग रूट पर अलग-अलग रंग की रिक्शाएं चलाने का प्लान लागू

**मुजफ्फरनगर, 5 मार्च (बु.)।** जो कार्य करने के हैं, उन्हें तो प्रशासन कागजों पर रखता है और जो काम कागजों पर नहीं हैं, उन्हें धरातल पर एकाएक लाद दिया जाता है। एक वर्ष पहले बड़े दमदार तरीके से नगर के ही प्रशासन ने यह तक घोषणा कर डाली थी और कागजों में भी दिखा दिया था कि मुजफ्फरनगर में अब कौन अलग-अलग रूट के लिए अलग-अलग रिक्शाओं के कलर किये जाएंगे, लेकिन एक साल बाद भी यह काम तो आज तक प्रशासन द्वारा नहीं किया गया। पूरे शहर में धकापेल चलती रिक्शाएं, जो जिस तरफ चाहे उस तरफ हैंडिल घुमा सकता है। न तो इनके निश्चित रूट हैं और न ही कोई रंग। क्यों प्रशासन इन रिक्शा चालकों को अपने अपने रूट और अपने अपने रंग बनाने के आदेश नहीं देताा। यदि शहर में वैध रिक्शा हो जाने के बाद उन पर आठ तरह के कलर और आठ तरह के रूट तय कर दिये जाएं तो राह चलते लोगों को इसमें आसानी होगी कि कौन से कलर की रिक्शा कहां जाएगी और रिक्शा चालक को भी पता होगा कि मेरा कार्यक्षेत्र कहां से कहां तक का है। मगर ये सब बातें लागू कराने का कोई नेता अथवा अधिकारी मन बनाए तभी तो कुछ होगा। जिन्हें शहर की परेशानी देखने की फुर्सत ही नहीं वे शायद बस कागजों तक ही सीमित रह जाएंगे, धरातल पर शायद ही कुछ लागू हो सकेगा।

## उपलों में लगी भयंकर आग, फायर बिग्रेड की गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद पाया काबू



**मुजफ्फरनगर, 05 मार्च (बु.)।** छपार थाना क्षेत्र के गांव दतियाना में बुधवार सुबह आग लगने से हड़कम्प मच गया। जहां फायर बिग्रेड की गाड़ियों ने पहुंचकर बामुश्किल आग पर काबू पाया। बुधवार को दिन निकलते ही फायर बिग्रेड के अधिकारियों को सूचना मिली कि छपार थाना क्षेत्र के गांव दतियाना में भयंकर आग लग गयी है। आग की सूचना पर तुरंत फायर बिग्रेड की गाड़िया मौके पर रवाना हुई। मौके पर पहुंचकर जानकारी मिली कि तेज हवाओं के चलते किसी कारण उपलों के बिटोड़ों में भयंकर आग लग गयी थी, जिस आग पर दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद काबू पा लिया। फायर सर्विस अफसर आर.के. यादव ने बताया कि यदि थोड़ी ओर आग पर काबू ना पाया जाता तो आग भयंकर रूप से फैल जाती, जिससे नुकसान ओर भी ज्यादा हो सकता था। फिलहाल कोई जनहानि नहीं हुई है और बिटोड़ों में रखे उपले ही जलकर नष्ट हुए हैं।

## बाइक सवार के आगे आई नील गाय, युवक की मौत



**चरथावल, 05 मार्च (बु.)।** चरथावल थाना क्षेत्र के गांव हैबतपुर अड्डे के पास देर रात नील गाय के बाइक के आगे आने से एक युवक छिमाऊ निवासी छोटू गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक की नीलगाय से टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक का मुंह और नाक पूरी तरह लहूलुहान हो गये थे, जिसे उपचार के लिए चिकित्सालय ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं जबरदस्त टक्कर लगने से नीलगाय की मौके पर ही मौत हो गयी। मृतक युवक की पहचान छिमाऊ निवासी छोटू के रूप में हुई है। बताया जाता है कि छोटू अपने भतीजे के शादी समारोह से वापस अपने घर के लिए लौट रहा था।

## डीसीएम की टक्कर से ट्रैक्टर सवार की मौत



**मुजफ्फरनगर, 5 मार्च (बु.)।** मंगलवार की शाम छपार थाना क्षेत्र में दिल्ली-देहरादून हाइवे पर दर्दनाक हादसा हो गया, जिसमें 55 वर्षीय व्यक्ति की जान चली गयी। उक्त हादसा उस समय हुआ, जब ट्रैक्टर चालक व एक अन्य छपार निवासी व्यक्ति मासूम छपार से पुरकाजी एक आढत पर ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर जा रहे थे। तभी एक अनियंत्रित डीसीएम ने जोरदार टक्कर ट्रैक्टर में मार दी, जिससे ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया और चालक गंभीर घायल हो गया जबकि मासूम की मौके पर ही मौत हो गयी। हालांकि घायल मासूम को अस्पताल ले जाया गया, मगर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि मासूम का एक बेटा लगभग 10 वर्ष पहले सड़क दुर्घटना में जान गवां चुका है और मासूम परिवार को चलाने वाला अकेला मुखिया था। ट्रैक्टर चालक का अस्पताल में उपचार चल रहा है और छपार थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पूरे मामले की छानबीन की। मासूम के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस का बताना है कि हादसे के बाद डीसीएम चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस डीसीएम की पहचान कर चालक की तलाश में जुटी है।

## आर्य समाज संस्था के सचिव व गवाह को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर बिना दस्तावेजों के शादी का प्रमाण पत्र जारी करने का मामला**





**मुजफ्फरनगर, 5 मार्च (बु.)।** 17 अक्टूबर को मानसी एवं अन्य बनाम स्टेट ऑफ यूपी तथा अन्य तीन प्रकरणों में उच्च न्यायालय इलाहाबाद ने एसएसपी को निर्देशित किया था कि उक्त प्रकरण में एक विधिवत जांच कमैटी गठित कर इन ट्रस्टों, संस्थाओं व सोसायटियों के खिलाफ कार्यवाही की जाए जो फर्जी आधार कार्ड, मार्कशीट व जन्म प्रमाण पत्र के आधार पर नाबालिगों को बालिग दिखाकर उनकी फर्जी शादी के प्रपत्र तैयार करते हैं। मामले की जांच के लिए तीन सदस्य कमैटी गठित की गयी थी, जिसमें एसपी सिटी के साथ संयुक्त निदेशक अभियोजन व थाना सिविल लाइन प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह को शामिल किया गया था। आख्या में जोकि 9 दिसम्बर को दी गयी वैदिक फाउण्डेशन तेजलहेड़ा के संस्थापक व अध्यक्ष सौरन सिंह आर्य समाज शहर संस्था के प्रधान मुकेश आर्य निवासी दूधली, सतीश कुमार मढकरीमपुर खतौली के सचिव, आर्य समाज आदर्श कॉलोनी, नई मण्डी के अध्यक्ष बलजीत सिंह सैनी व अमित त्यागी के अलावा उक्त संस्थाओं के पुरोहितों द्वारा हिन्दू विवाह अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए शादी करने वाले वर-वधू के आवश्यक दस्तावेजों का बिना सत्यापन कराए उन्हें शादी-विवाह का प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया था। इसी सम्बंध में थाना सिविल लाइन में रिपोर्ट दर्ज की गयी थी, जहां आज मामले में नामजद भारत फाउण्डेशन तेजलहेड़ा सचिव सतीश कुमार व गवाह ब्रह्मसिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि गवाह ब्रह्मसिंह 15 से अधिक शादियों में अपनी गवाही दे चुके हैं। इस मामले में पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

## फर्जी साइन मामले में बैठाई चेयरपर्सन ने जांच

### ईओ से 3 दिन में मांगी रिपोर्ट, ईओ ने गठित की जांच समिति

**मुजफ्फरनगर, 05 मार्च (बु.)।** पालिका में जन्म प्रमाण पत्र के आवेदन के लिए की जांच रिपोर्ट पर जांच कमेटी के सदस्य सीएसआई के फर्जी हस्ताक्षर किए जाने का मामला सुर्खियों में है। मामले में सीएसआई द्वारा ईओ को रिपोर्ट सौंपने के बाद जहां पटल लिपिक को नोटिस जारी करते हुए स्पष्टीकरण मांगा है, वहीं अब मामले को गंभीरता से लेते हुए चेयरपर्सन ने जांच के आदेश करते हुए ईओ से 3 दिनों में रिपोर्ट मांगी है। ईओ द्वारा दो सदस्यीय जांच समिति गठित करने से हड़कंप मचा है।

नगर क्षेत्र में एक वर्ष से ज्यादा समय के जन्म-मृत्यु प्रकरणों को लेकर प्रमाण पत्र जारी करने के लिए शपथ पत्र के साथ आवेदन नगर मजिस्ट्रेट कोर्ट में होने की व्यवस्था है, जिसमें वहां आवदेन की जांच के लिए पत्रावलियां पालिका में भेजी जाती हैं, ईओ द्वारा अग्रसारित जांच रिपोर्ट के आधार पर नगर मजिस्ट्रेट कोर्ट से सुनवाई के बाद निर्णय लिया जाता है। आवेदन पत्रों की जांच के लिए ईओ प्रज्ञा सिंह ने चीफ योगेश कुमार और एसआई प्लाक्षा मैनवाल को अधिकृत कर कमेटी गठित की हुई है। इसमें अक्टूबर में एक व्यक्ति द्वारा अपने पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र के लिए किए आवेदन की जांच में बड़ा झोल सामने आया है। जांच कमेटी के सदस्य सीएसआई योगेश कुमार के फर्जी हस्ताक्षर कर रिपोर्ट ईओ के माध्यम से नगर मजिस्ट्रेट कोर्ट को अग्रसारित कर दी गई। जांच में खामी होने के बीच पुनः परीक्षण को पत्रावली पालिका में वापस आने पर मामला खुला। जांच रिपोर्ट पर फर्जी हस्ताक्षर को लेकर उन्होंने अपनी रिपोर्ट ईओ को सौंपते हुए जांच करने से इंकार कर दिया। ऐसे में ईओ ने सम्बंधित पटल लिपिक नितिन कुमार को नोटिस जारी करते हुए उनसे स्पष्टीकरण तलब किया है। अब इस मामले में चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने संज्ञान लेकर पुनः जांच के आदेश देते हुए ईओ डॉ. प्रज्ञा से रिपोर्ट मांगी है। उन्होंने कहा कि जन्म-मृत्यु पटल पर जांच कमेटी के सदस्य के रूप में फर्जी हस्ताक्षर करना गंभीर है। इससे पालिका में छवि खराब होने के साथ कार्य व्यवस्था में अनियमितता होने की संभावना प्रबल हो गई हैं। ऐसे में उन्होंने ईओ से जांच करते हुए प्रकरण में 3 दिन में अपनी रिपोर्ट उपलब्ध कराने के लिए कहा है।

इन्होंने कहा- ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने बताया कि मामले में पहले से कार्यवाही की जा रही है। लिपिक से जवाब मांगा है, अभी जवाब नहीं मिला। चेयरपर्सन के आदेश पर जांच हो रही है। इसके लिए टीम का गठन करते हुए तीन दिन में प्रकरण में जांच रिपोर्ट मांगी है। जांच में जो भी दोषी साबित होगा, उसके खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।








## राजस्व वसूली में विभागों की धीमी चाल पर ईओ ने कसे पेंच

### कर निर्धारण अधिकारी और एई से प्रतिदिन मांगी वसूली रिपोर्ट

**मुजफ्फरनगर, 05 मार्च (बु.)।** नगरपालिका में टैक्स के साथ अन्य मदों में राजस्व और बकाया वसूली को लेकर विभागों की धीमी चाल को लेकर ईओ ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए इसके लिए उन्होंने कर और जल विभागाध्यक्षों को पत्र जारी किया है। पत्र में ईओ ने वित्तीय वर्ष के शेष दिनों में राजस्व वसूली के लिए कार्य करने के निर्देश के साथ वसूली की रिपोर्ट भी तलब की है। नगरपालिका परिषद् द्वारा बीते वित्तीय वर्ष 2023-24 में लक्ष्य के सापेक्ष 25 प्रतिशत अधिक राजस्व वसूली की गई थी, जिस कारण पालिका को मुख्यमंत्री नगरोदय योजना में शामिल करते हुए विकास के लिए विशेष अनुदान दिया गया था। इस बार पालिका प्रशासन ने 25 प्रतिशत की इस उपलब्धि को और ज्यादा बढ़ाने का सपना संजोया था, पर वित्तीय वर्ष समाप्त होने में कुछ ही दिन शेष रह जाने के बावजूद पालिका राजस्व लक्ष्य को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रही है। इससे नाराज होकर ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने कर निर्धारण अधिकारी दिनेश यादव और एई जल सुनील कुमार को पत्र जारी करते हुए राजस्व वसूली की सुस्त चाल को रफ्तार देने के निर्देश दिये हैं। साथ ही बड़े बकायेदारों से राजस्व वसूली हेतु विशेष अभियान चलाने के साथ दिन निर्धारित करते हुए वार्डो में कैम्प स्थापित कर वसूली कराने की बात की। ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने बताया कि बुधवार को कार्यालय कक्ष में पालिका द्वारा की जा रही कर एवं करेत्तर राजस्व वसूली की समीक्षा की गई, जिसमें

शेष - पृष्ठ-4 पर





1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## चैंपियंस ट्रॉफी और भारतीय स्पिनर्स

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए सेमीफाइनल में भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को हराया, तो क्रिकेट प्रेमियों को 2023 का वह मैच याद आ गया, जब भारतीय टीम लगातार 10 मैच जीत कर ऑस्ट्रेलिया से हार गयी थी। कल के सेमीफाइनल मैच में भारतीय स्पिनर्स चमके और इस टूर्नामेंट के दौरान भारतीय स्पिनर्स खासे चर्चा में रहे हैं और भारत की जीत में अहम भूमिका भी निबाही है। चोटिल होने की वजह से जसप्रीत बुमराह चैंपियंस ट्रॉफी का हिस्सा नहीं बन पाए। ऐसे में कप्तान रोहित शर्मा ने तेज गेंदबाजों की बजाए स्पिनर्स पर ज्यादा भरोसा दिखाया। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए चुनी गई टीम इंडिया में बदलाव हुआ। यशस्वी जायसवाल के स्थान पर वरुण चक्रवर्ती को दुबई जाने वाले 15 खिलाड़ियों में जगह मिली। इस एलान के साथ टीम में स्पिनर्स की संख्या चार से बढ़कर पांच हो गई। सवाल उठा कि क्यों टीम इंडिया इतने स्पिनर्स को दुबई ले जा रही है? अब चयनकर्ताओं का ये फैसला सही साबित होते हुए दिखाई दे रहा है। अब टीम ट्रॉफी से एक मैच दूर है, फाइनल 9 मार्च को होगा। 2023 के वर्ल्ड कप फाइनल में भारतीय स्पिनर्स को एक भी विकेट नहीं मिला था, लेकिन इस बार भारतीय स्पिनर्स पांच विकेट लेने में कामयाब रहे और ऑस्ट्रेलियाई टीम को पूरे 50 ओवर खेलने का मौका भी नहीं दिया। ऑस्ट्रेलियाई पारी 49.3 ओवर में 264 पर ही सिमट गई। 15 महीने पहले 19 नवंबर 2023 को जब ऑस्ट्रेलिया ने भारत का वर्ल्ड कप जीतने का ख्वाब तोड़ा था, तो भारतीय क्रिकेटर्स के साथ करोड़ों फैंस की आंखें नम हो गई थीं। उस दिन भारत की हार के बाद रोहित शर्मा सिर झुकाकर मैदान की सीमा रेखा से बाहर निकले थे, विराट कोहली ने अपने चेहरे को अपनी कैप से ढक लिया था। लगातार 10 मैच जीतने के बाद, किसी भारतीय क्रिकेटर को विश्वास नहीं हो रहा था कि उनके हाथ, दस मैच की जीत के बाद भी खाली हैं। यह ऐसे ही था, जैसे साँप सीढ़ी के खेल में 99 पर साँप डस लेता है। अब भारत को दुबई में फाइनल खेलना है। पाकिस्तान इस टूर्नामेंट का मेजबान है, लेकिन अब पाकिस्तान के पास कड़वी यादों के सिवा कुछ भी नहीं है, पाकिस्तान सोचता था कि ऑस्ट्रेलिया भारत को हरा देगा, तो टूर्नामेंट का फाइनल लाहौर में खेला जाएगा, मगर ऐसा नहीं हुआ, अब ज्यादातर पाकिस्तानियों को टीवी पर ही फाइनल देखना पड़ेगा। कल दूसरा सेमीफाइनल लाहौर में खेला गया, बस यही पाकिस्तान के हिस्से में आया। ऑस्ट्रेलिया जैसी टीम को हराना, कभी आसान नहीं होता है और बात जब आईसीसी टूर्नामेंट्स की हो तो ये काम और ज्यादा मुश्किल हो जाता है, लेकिन भारतीय टीम ने न सिर्फ वर्ल्ड कप फाइनल की हार से सबक लिया बल्कि उसकी रणनीति ऐसी रही कि एक भी मौका ऐसा नहीं आया, जब मैच भारत की पकड़ से बाहर हुआ हो। भारतीय क्रिकेट फैंस के बीच विरोधी टीमों का कोई खिलाड़ी सबसे ज्यादा चर्चा में रहा है, तो वो नाम है ट्रेविस हेड का। वही ट्रेविस हेड जिन्होंने 137 रन की पारी खेलकर 2023 वर्ल्ड कप फाइनल में टीम इंडिया के हाथों से वर्ल्ड कप का खिताब छीन लिया था। उस मुकाबले के बाद परसों चार मार्च 2025 को पहली बार भारत और ऑस्ट्रेलिया की टीमें आमने-सामने थीं, लेकिन इस बार काफी कुछ बदला हुआ था, बदला नहीं था तो रोहित का टॉस का हारना, इस बार भी रोहित टॉस हार गए। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी। इस बार भारतीय टीम ट्रेविस हेड के खतरे से चौकन्नी थी और उन्हें रोकना टीम की रणनीति का अहम हिस्सा था। पहले तीन ओवर में शमी और हार्दिक ने बेहद कसी हुई गेंदबाजी की और तीसरे ओवर की आखिरी गेंद पर उन्होंने कूपर कॉनली का पवेलियन वापस भेज दिया। अगले ही ओवर में हेड ने दिखाया कि जल्दी विकेट गिरने का उन पर कोई असर नहीं होने वाला है और उन्होंने एक चौका और एक छक्का लगाया। पारी के पांचवें ओवर में शमी की गेंदों पर हेड ने चौकों की हैट्रिक जड़ी। रोहित शर्मा ने तुरंत गेंदबाजी में बदलाव करते हुए कुलदीप यादव को गेंद थमाई। इसके बावजूद हेड का बल्ला रुकने का नाम नहीं ले रहा था। 09 वें ओवर में रोहित शर्मा, वरुण चक्रवर्ती को गेंदबाजी के लिए लाए और भारत के इस 'मिस्ट्री' स्पिनर ने दूसरी ही गेंद पर हेड को शुभमन के हाथों कैच आउट करवा कर पवेलियन वापस भेज दिया। हेड ने 33 गेंद में 39 रन की पारी खेली। 2023 के वर्ल्ड कप फाइनल से पहले शमी ने 6 मैचों में 23 विकेट लिए थे, लेकिन फाइनल में उन्होंने सात ओवर्स में 47 रन खर्च किए और उन्हें सिर्फ एक विकेट मिला, लेकिन इस मुकाबले में शमी भारत के लिए कामयाब गेंदबाज साबित हुए और उन्होंने 10 ओवर में 48 रन खर्च कर तीन विकेट हासिल किए। 2023 के वर्ल्ड कप में भारत की हार की सबसे बड़ी वजह मिडिल ओवर्स में रन नहीं बनाना रही थी। उस मुकाबले में भारत ने शुरूआती 10 ओवर में दो विकेट गंवाकर 80 रन बना लिए थे, लेकिन इसके बाद अगले 20 ओवर में भारतीय बल्लेबाजों ने महज एक चौका लगाया था और 20 ओवर में 72 रन ही बनाए थे। विराट कोहली और के एल राहुल के धीमे खेलने का दबाव बाकी बल्लेबाजों पर भी पड़ा था और टीम 240 के स्कोर तक ही पहुंच पाई थी। इस मुकाबले में भी भारत ने 08 ओवर में 43 के स्कोर पर दो विकेट गंवा दिए थे, लेकिन विराट कोहली ने अय्यर के साथ मिलकर रनों की रफ्तार को थमने नहीं दिया। नतीजा ये रहा, भारत का स्कोर 30 ओवर के बाद तीन विकेट के नुकसान पर 150 रन था और बल्लेबाजों पर तेजी से रन बनाने का कोई दबाव नहीं था। 2023 के वर्ल्ड कप फाइनल में 29वें ओवर की तीसरी गेंद पर जब कमिंस ने विराट कोहली को बोल्ड किया था, तो पूरे स्टेडियम में सन्नाटा छा गया था। आउट होने से पहले विराट कोहली क्रीज पर सेट नजर आ रहे थे और उन्होंने 63 गेंद में 54 रन बनाए थे, लेकिन विराट कोहली के आउट होते ही भारत की पारी लड़खड़ा गई थी। पुराने अनुभव से विराट कोहली ने बखूबी सबक लिया। विराट कोहली शतक तो नहीं बना पाए पर उन्होंने 98 गेंद पर 84 रन की पारी खेली, जब विराट कोहली आउट हुए, तो भारत को जीत के लिए 40 रन और बनाने की जरूरत थी और इस काम को के.एल. राहुल ने 34 गेंद में 42 रन की नाबाद पारी खेलते हुए पूरा कर दिया।

चार तीर

सुनील उत्सव

### 'गुटखा' 'ड्रग्स' 'नशेड़ी' 'मदिरा'

गुटखा खाने वाले भी अब कदम-कदम पर मिलते हैं,
ड्रग्स का सेवन भी अब प्यारे खूब ज्यादा होता है।
कैसा भी हो कोई नशेड़ी उससे शिकवा करना क्या,
मदिरा का सेवन भी अब तो चाय सरीखा होता है।


रस्म पगड़ी



बड़े दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्य
श्री सुरेंद्र कुमार मित्तल जी (घी वाले) का आकस्मिक
निधन बुधवार, 26 फ़रवरी 2025 को हो गया है।
प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।
जिनकी रस्म पगड़ी, दिनांक - 06.03.2025,
दिन-बृहस्पतिवार को होनी निश्चित हुई है।
ब्रह्मभोज 12 बजे
रस्म पगड़ी दोपहर 2:00 बजे
स्थान- चौधरी चरण सिंह भवन (जाटों का मन्दिर)
गली नं. 11, गांधी कॉलोनी, मुजफ्फरनगर
शोकाकुल परिवार
आकाश मित्तल (पुत्र), राकेश मित्तल (भतीजा), मुकेश मित्तल (भतीजा),
राजेश मित्तल (भतीजा) नीरज मित्तल (भतीजा), विकास मित्तल (भतीजा),
निकुंज मित्तल (पौत्र), रजत मित्तल (पौत्र) अंशुल मित्तल (पौत्र),
शुभम मित्तल (पौत्र) वैभव मित्तल (पौत्र), विवान मित्तल (पड़पौत्र)
प्रतिष्ठान :- मैसर्स गुनगुन एण्टरप्राईजेज
मैसर्स मित्तल एण्टरप्राईजेज


# ट्रम्प ने लगाया भारत पर उच्च टैरिफ लगाने का आरोप, 02 अप्रैल से लागू होंगे पारस्परिक टैरिफ






**वाशिगटन, 05 मार्च (वार्ता)।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए अपनी कठोर टैरिफ नीति का बचाव किया है और उच्च टैरिफ लगाने के लिए चीन सहित अन्य देशों के साथ भारत का भी उल्लेख किया और इसे 'बहुत अनुचित' करार दिया। श्री ट्रम्प ने विदेशी आयात पर पारस्परिक टैरिफ लागू करने के लिए अपने प्रशासन की प्रतिबद्धता दोहरायी। उन्होंने अपने संबोधन के दौरान भारत का जिक्र करते हुए कहा, ''भारत हमसे 100 प्रतिशत से अधिक ऑटो टैरिफ वसूलता है।'' उन्होंने कहा, ''यदि आप ट्रम्प प्रशासन के तहत अमेरिका में अपना उत्पाद नहीं बनाते हैं, तो आपको टैरिफ का भुगतान करना होगा और कुछ मामलों में बहुत अधिक भुगतान करना होगा। अन्य देशों ने दशकों से हमारे खिलाफ टैरिफ का इस्तेमाल किया है और अब उन अन्य देशों के खिलाफ इसका उपयोग करने की हमारी बारी है।'' अमेरिका पर भारी टैरिफ लगाने वाले देशों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा,''यूरोपीय संघ, चीन, ब्राजील, भारत, मैक्सिको और कनाडा और अनगिनत अन्य देश हमसे बहुत ज़्यादा टैरिफ वसूलते हैं। यह बहुत अनुचित है।'' उन्होंने कहा, ''हमारे उत्पादों पर चीन का औसत टैरिफ हमसे दोगुना है और दक्षिण कोरिया का औसत टैरिफ चार गुना ज़्यादा है।'' उन्होंने कहा कि पारस्परिक टैरिफ एक अप्रैल से नहीं, बल्कि दो अप्रैल से लागू होंगे, क्योंकि वह नहीं चाहते थे कि यह 'अप्रैल फूल दिवस' के साथ मेल खाए। उन्होंने कहा,''मैं इसे एक अप्रैल से लागू करना चाहता था, लेकिन नहीं चाहता हूं कि इसे अप्रैल फूल्स डे के रूप में आरोपित किया जाए... यह बहुत पैसा है... 02 अप्रैल को पारस्परिक टैरिफ लागू होंगे। हम पर जो देश टैरिफ लगाते हैं, हम उन पर टैरिफ लगाएंगे। अगर वे हमें अपने बाज़ार से बाहर रखने के लिए गैर-मौद्रिक टैरिफ लगाते हैं, तो हम भी लगाएंगे।'' उन्होंने कहा, ''हमने उन्हें हमारे बाजार से बाहर रखने के लिए गैर-मौद्रिक बाधाएं खड़ी की हैं।'' गौरतलब है कि पिछले महीने व्हाइट हाउस में बैठक के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से साफ तौर पर कह दिया था कि भारत को अमेरिका के पारस्परिक शुल्कों से नहीं बख्शा जाएगा। ट्रम्प प्रशासन ने मंगलवार को अपने पड़ोसी देशों और कनाडा और मैक्सिको पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की। अमेरिका ने मंगलवार को चीनी वस्तुओं पर शुल्क को 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत कर दिया, जिसमें फेंटेनाइल उत्पादन में चीन की कथित भूमिका पर कार्रवाई न करने का हवाला दिया गया। भारत का अमेरिका के साथ व्यापार अधिशेष बढ़ रहा है। पिछले दशक में, इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मा और टेक्सटाइल में मजबूत निर्यात के कारण अमेरिका के साथ भारत का माल व्यापार अधिशेष दोगुना होकर 35 अरब डॉलर हो गया है, जो अब पारस्परिक शुल्क उपायों के प्रति संवेदनशील हो सकते हैं। अमेरिका से भारत के आयात में पेट्रोलियम कच्चा तेल, मोती, कीमती पत्थर, विद्युत मशीनरी, विमान के पुर्जे और सैन्य उपकरण शामिल हैं।

## अमेरिका युद्ध चाहता है तो अंत तक लड़ेंगे, चीन ने जतायी प्रतिबद्धता



**वाशिंगटन/बीजिंग 05 मार्च (वार्ता)।** चीन ने कहा है कि अगर अमेरिका युद्ध चाहता है, चाहे वह टैरिफ युद्ध हो, व्यापार युद्ध हो या कोई अन्य प्रकार का युद्ध हो, वह अंत तक लड़ने के लिए तैयार है। अमेरिका में चीन के दूतावास ने अमेरिका की ओर से विश्व के कई देशों पर आयात टैरिफ बढ़ाने के निर्णय के परिप्रेक्ष्य में यह प्रतिक्रिया व्यक्त की। इससे पहले चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने आयात पर टैरिफ बढ़ाये जाने के संदर्भ में अमेरिका के निर्णय की आलोचना की थी। प्रवक्ता ने अपने ट्वीट में कहा, ''फेंटानिल मुद्दा चीनी आयात पर अमेरिकी टैरिफ बढ़ाने का एक तुच्छ बहाना है। अपने अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए हमारी प्रतिबद्धता पूरी तरह से वैध और अपरिहार्य है।'' उन्होंने जोर दिया कि अमेरिका में फेंटानिल संकट के लिए कोई और नहीं, बल्कि स्वयं अमेरिका जिम्मेदार है।



## हेमकुंड साहिब व फूलों की घाटी के जोड़ने वाला पुल क्षतिग्रस्त

**चमोली, 05 मार्च (वार्ता)।** उत्तराखण्ड के चमोली जिले में स्थित गोविन्द घाट से हेमकुण्ड साहिब, और फूलों की घाटी को जोड़ने वाला पुल पहाडी से चट्टान टूटने के कारण बुधवार सुबह क्षतिग्रस्त हो गया। जिलाधिकारी डाक्टर संदीप तिवारी ने बताया कि आज सुबह 10 बजे करीब गोविन्दघाट पुलना सड़क पर निर्मित मोटर पुल चटटान टूटने से क्षतिग्रस्त हो गया है। जिससे हेमकुण्ड साहिब, फूलों की घाटी के साथ साथ पुलना व भ्यूडार के ग्रामीणों का संपर्क मुख्य मार्ग से पूरी तरह कट गया है। इसके साथ ही दर्जनों वाहन अलकनन्दा नदी के उस पास फस गए हैं। उन्होंने बताया गोविदघाट में हुई घटना के बाद एसडीआरएफ, तहसील प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, लोक निर्माण विभाग के साथ ही सभी विभागों की टीम मौके पर पहुंच गई हैं। प्रशासन की प्राथमिकता पुलना गांव में निवासरत लोगों को आवश्यक वस्तुओं और अन्य सुविधाओं को उपलब्ध कराना है। कहा कि प्रशासन और लोनिवि के अधिकारियों को घटना स्थल का स्लयूशन प्लान शाम तक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। स्लयूशन प्लान मिलते ही यहां आगे कार्रवाई की जाएगी।

## गणपति धाम में 5 दिन होगा श्री खाटू श्याम फाल्गुन महोत्सव

### - 10 मार्च को शिवचौक से शुरू होगी बाबा की निशान यात्रा



**मुजफ्फरनगर, 05 मार्च (बु.)।** भरतिया कॉलोनी नई मंडी श्री गणपतिधाम ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष अशोक गर्ग एवं प्रमुख उद्यमी भीम कंसल ने मीडिया से वार्ता करते हुए बताया कि अगले 5 दिनों तक श्री गणपति-खाटू श्याम मंदिर परिसर में बाबा का गुणगान किए जाने के साथ भव्य मेले का आयोजन किया जाएगा। वहीं दस मार्च को शिव चौक से बाबा खाटू श्याम की निशान यात्रा भी निकाली जाएगी। इसके अलावा मंदिर में आयोजित भजन संध्या में पूनम दीदी बाबा का गुणगान करेंगी। श्री गणपति-खाटू श्याम मंदिर से जुड़े उद्यमी भीम कंसल ने बताया कि 07 मार्च की सायं 7 बजे चंग धमाल (केसर चन्दन होली) मंदिर प्रांगण में आयोजित की जायेगी, जिसमें मुख्य भजन गायक महेश परमार जयपुर वालों के सान्निध्य में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 8 मार्च को सायं 7 बजे श्याम नाम की मेहन्दी मंदिर प्रांगण में और 9 मार्च को निशान वितरण सायं 6 बजे मन्दिर प्रांगण में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 10 मार्च सुबह 9 बजे एकादशी निशान यात्रा शिवचौक से शुरू होगी। बाबा की यह निशान यात्रा नगर के हृदय स्थल शिव चौक से प्रारंभ होकर झांसी रानी, टाउन हॉल रोड, मदन स्वीट्स, भोपा पुल, गऊशाला रोड, पीठ बाजार, बिन्दल बाजार, स्वीट्स कॉर्नर के बराबर से डाकखाना रोड होते हुए मन्दिर परिसर में सम्पन्न होगी। उन्होंने बताया कि 10 मार्च को सायं 7 बजे से एकादशी संकीर्तन मंगला आरती तक बाबा का गुणगान होगा, जिसमें ब्रजरस अनुरागी साध्वी पूर्णिमा पूनम दीदी श्रीधाम वृन्दावन बरसाना से यहां पर पधारेंगी एवं स्थानीय भजन गायकों द्वारा बाबा को रिझाया जायेगा। इसके अलावा 11 मार्च को रात्रि में 7 बजे से बधाई उत्सव मन्दिर प्रांगण एवं उसके बाद द्वादशी भंडारे के साथ उत्सव का समापन होगा। इस दौरान मुख्य रूप से अनिल गोयल, जेपी गोयल, कैलाश चन्द ज्ञानी, सोम प्रकाश कुच्छल, अंबरीश सिंघल, बिजेन्द्र रानो, विकास अग्रवाल, विनोद राठी, प्रतीक कंसल, नीरज गोयल, अमित गोयल, नवनीत गुप्ता, रजत गोयल, विवेक गर्ग, नवीन अग्रवाल, रजत राठी, अंकित अग्रवाल, शशांक राणा, पक्ष गर्ग, तुषार गर्ग, राघव मुकुंद गर्ग, अतुल अरोरा, राहुल श्याम प्रेमी, शुभम तायल आदि मौजूद रहे।

## मोदी कल (आज) उत्तराखंड जायेंगे



**नयी दिल्ली 05 मार्च (वार्ता)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल एक दिन के दौरे पर उत्तराखंड जायेंगे। प्रधानमंत्री सुबह मुखवा में मां गंगा के शीतकालीन गद्दीस्थल पर पूजा-अर्चना और दर्शन करेंगे। इसके बाद वह एक ट्रेक और बाइक रैली को हरी झंडी दिखाएंगे और हरसिल में सार्वजनिक समारोह में जनसमूह को संबोधित भी करेंगे। उत्तराखंड सरकार ने इस वर्ष शीतकालीन पर्यटन कार्यक्रम शुरू किया है। हजारों श्रद्धालु पहले ही गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ के शीतकालीन गद्दीस्थलों के दर्शन कर चुके हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देना और स्थानीय अर्थव्यवस्था, होमस्टे, पर्यटन व्यवसाय आदि को बढ़ावा देना है।

## देश का सबसे अधिक स्मार्ट सिटी रखने वाला राज्य बन गया है यूपीः योगी




**लखनऊ, 5 मार्च (वार्ता)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का सबसे अधिक स्मार्ट सिटी रखने वाला राज्य बन गया है। विधान परिषद में बजट पर चर्चा के दौरान योगी ने बुधवार को कहा कि प्रदेश में 125 नए नगर निकाय गठित किए गए हैं और उत्तर प्रदेश 10 स्मार्ट सिटी केंद्र सरकार की सहायता से और सात राज्य सरकार की ओर से विकसित की जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रयागराज के महाकुंभ की तर्ज पर अब कानपुर, मथुरा-वृंदावन और मेरठ के विकास के लिए भी विशेष बजट प्रावधान किए गए हैं। शहरी विकास को गति देने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत भी बजट आवंटन किया गया है, जबकि जलजमाव से निपटने के लिए 1000 करोड़ रुपये की अर्बन फ्लड एंड स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज योजना की शुरुआत की जा रही है। लखनऊ को स्टेट कैपिटल रीजन के रूप में विकसित करने और मुख्यमंत्री ग्रीन कॉरिडोर इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट योजना के तहत 800 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। उन्होने कहा कि सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बुनियादी ढांचे को प्राथमिकता देते हुए प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने युवाओं को रोजगार परक शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए बजट में विशेष प्रावधान किए हैं। योगी ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य को मानव पूंजी का महत्वपूर्ण कारक माना जाता है और सरकार इन दोनों क्षेत्रों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। ऑपरेशन कायाकल्प के तहत बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित प्राथमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं के विकास के लिए 2000 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। पीएम श्री योजना के अंतर्गत 580 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है, जबकि प्राथमिक विद्यालयों को स्मार्ट स्कूल से जोड़ने के लिए 300 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। ड्रोन टेक्नोलॉजी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोटिक्स को बढ़ावा देने के लिए राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थानों में आधुनिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों की शुरुआत की जा रही है, जिसके लिए 100 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है। वाराणसी और आगरा में साइंस सिटी और नक्षत्रशाला की स्थापना के लिए भी धनराशि आवंटित की गई है।

## उत्तर प्रदेश विधानसभा और विधान परिषद की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिये स्थगित

**लखनऊ 05 मार्च (वार्ता)।** उत्तर प्रदेश विधानमंडल के बजट सत्र की कार्यवाही बुधवार को अनिश्चितकाल के लिये स्थगित कर दी गयी। 18 फरवरी से शुरु हुआ विधानसभा का बजट सत्र दस कार्य दिवसों में संपन्न हुआ जिसमें सदन की कार्यवाही 73 घंटा 19 मिनट चली। इस दौरान किन्हीं कारणों से तीन घंटा 36 मिनट सभा स्थगित रही जबकि 69 घंटा 43 मिनट सदन की कार्यवाही चली। सत्र के दौरान सरकार ने 20 फरवरी को आठ लाख आठ हजार करोड़ रुपये का बजट सदन के पटल पर रखा और सत्र के अंतिम दिन बुधवार को बजट सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। सत्र के दौरान 25 फरवरी को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सभी सदस्यों के लिये रात्रिभोज का आयोजन किया था।

## द दून डंपलिंग में एनुअल थिएटर प्रेजेंटेशन का हुआ आयोजन



**मुजफ्फरनगर, 05 मार्च (बुस.)।** द दून डंपलिंग (गांधी कॉलोनी शाखा) ने आशीर्वाद बैंक्वेट हॉल में एनुअल थिएटर प्रेजेंटेशन का सफल आयोजन किया। इस वर्ष के वार्षिकोत्सव की मुख्य थीम "शिवोहम" रही, जिसमें सभी छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और सनातन धर्म की मुख्य धारा से जुड़ते हुए "शिव कौन हैं" और शिव की महिमा का गुणगान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या सीमा शर्मा, आध्यात्मिक गुरु रीटा गोयल और सभी प्रबंधकों ने बच्चों का उत्साह बढ़ाया तथा उपस्थित मुख्य अतिथि मीनाक्षी स्वरूप, पूर्व विधायक अशोक कंसल, अमित पटपटिया, प्रेमी छाबड़ा ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और उनकी प्रस्तुतियों की सराहना की। बच्चों ने "शिव सती एक्ट," "शिव-पार्वती विवाह," और अन्य मनमोहक प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अभिभावकों एवं मुख्य अतिथियों ने इस भव्य आयोजन की अत्यधिक सराहना की।

## मेडिकल कॉलेज में 8 मार्च से कटे होंठ की होगी सर्जरी

### - चार दिवसीय कैंप में निःशुल्क होगा ऐसे मरीजों का इलाज



**मुजफ्फरनगर, 05 मार्च (बु.)।** मुजफ्फरनगर मैडिकल कॉलेज व अस्पताल के सहयोग से मिशन स्माइल एवं मुथूट पप्पाचन फाउंडेशन चार दिवसीय शिविर आयोजित करने जा रही है। आगामी 8 मार्च से शुरू होने वाले स्वास्थ्य शिविर में जरुरतमंद परिवारों की मदद को कटे होंठ एवं लगे तालु की सर्जरी के माध्यम से नई पहल की जाएगी। मुथूट पप्पाचन समूह ने इस सार्थक पहल की मीडिया से चर्चा करते हुए आयोजकों ने बताया कि मैडिकल कॉलेज व अस्पताल बेगराजपुर में मुथूट पप्पाचन फाउंडेशन की इस सीएसआर परियोजना के तहत स्माइल प्लीज मिशन ने व्यापक क्लेफ्ट देखभाल में अपनी उत्कृष्ट उपलब्धियों और देशभर के दूरदराज के गांवों और समुदायों तक पहुंचने में सक्रिय जुड़ाव का काम किया है। उन्होंने बताया कि जागरूकता अभियान के तहत "स्माइल प्लीज मिशन" देशभर के वंचित समुदायों के बच्चों को व्यापक मुफ्त क्लेफ्ट लिप सर्जरी प्रदान कर रही है। 71000 से अधिक कटे-फटे रोगियों को पूर्ण चिकित्सा करने के साथ कटे-फटे विकृति से पीड़ित 49000 से अधिक बच्चों और वयस्कों की बिना किसी लागत के सर्जरी और कटे-फटे बालों की सर्जरी की है। उन्होंने बताया कि आगामी 8 मार्च से जनपद के साथ पडौसी जनपदों से करीब 70 से 80 बच्चों के कटे होठ व तालु की सुधारात्मक सर्जरी का लाभ ले सकेंगे। इस दौरान सीएमएस डॉ. कीर्ति समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## जयशंकर ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री स्टार्मर, विदेश सचिव लैमी से की मुलाकात



**लंदन, 05 मार्च (वार्ता)।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 10, डाउनिंग स्ट्रीट में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर से मुलाकात की और द्विपक्षीय एवं आर्थिक सहयोग को आगे बढ़ाने पर चर्चा की है। डॉ. जयशंकर ने ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी के साथ भी बातचीत की। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट में लिखा कि प्रधानमंत्री ने यूक्रेन संघर्ष पर ब्रिटेन का दृष्टिकोण साझा किया। उन्होंने कहा, ''ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर से 10, डाउनिंग स्ट्रीट पर आज मुलाकात करके खुशी हुई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से हार्दिक अभिनंदन किया। हमारे द्विपक्षीय, आर्थिक सहयोग को आगे बढ़ाने और लोगों से लोगों के आदान-प्रदान को बढ़ाने पर चर्चा की गई। विदेश मंत्री ने कहा, ''प्रधानमंत्री स्टार्मर ने यूक्रेन संघर्ष पर ब्रिटेन के दृष्टिकोण को भी साझा किया।'' श्री लैमी के साथ अपनी मुलाकात पर उन्होंने लिखा, ''शेवेनिंग हाउस में इस बेहद गर्मजोशी से स्वागत के लिए विदेश सचिव डेविड लैमी को धन्यवाद। हमारी बातचीत के लिए आशान्वित हूं।'' उन्होंने ब्रिटेन के विदेश सचिव के साथ भारत के शेवेनिंग स्कॉलर्स से भी मुलाकात की। उन्होंने कहा, ''आज शाम विदेश सचिव डेविड लैमी के साथ भारत के शेवेनिंग स्कॉलर्स से मिलकर बहुत अच्छा लगा। हमारी प्रतिभा और लोगों के बीच आदान-प्रदान की एक ज्वलंत अभिव्यक्ति, वे निश्चित रूप से भारत-ब्रिटेन संबंधों के महान समर्थक हैं।''

## मैंने नीतीश को दो बार मुख्यमंत्री बनाया : तेजस्वी

**पटना, 05 मार्च (एजेंसी)।** बिहार की राजनीति में एक बार फिर सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। राजद नेता तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर बड़ा हमला किया है। तेजस्वी ने दावा किया कि उन्होंने ही दो बार नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाया और उनकी पार्टी को बचाया। तेजस्वी यादव ने नीतीश कुमार के उस बयान पर प्रतिक्रिया दी, जिसमें नीतीश कुमार ने विधानसभा में कहा था कि उन्होंने लालू यादव को मुख्यमंत्री बनाया। तेजस्वी यादव ने पलटवार कर कहा कि नीतीश कुमार जो कहते हैं, उसे भूल जाइए... लेकिन उन्हें याद रखना चाहिए कि मेरे पिता (लालू यादव) पहले ही दो बार विधायक और एक बार सांसद बन चुके थे, जब नीतीश कुमार राजनीति में आए भी नहीं थे। तेजस्वी ने आगे कहा कि नीतीश कुमार लालू यादव को मुख्यमंत्री बनाने की बात करते हैं, लेकिन उन्हें याद रखना चाहिए कि लालू जी ने कई प्रधानमंत्रियों को बनाया है। मैं ही वह व्यक्ति हूं जिसने नीतीश कुमार को दो बार मुख्यमंत्री बनाया और उनकी पार्टी को बचाया।

## डीजीपी की अभिनेत्री बेटी रान्या 12.56 करोड़ के बिस्किट्स के साथ गिरफ्तार



**बंगलूरू, 05 मार्च (एजेंसी)।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने बंगलूरू में बड़ी कार्रवाई की है। डीआरआई ने केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 12.56 करोड़ रुपये मूल्य की विदेशी मूल की सोने की छड़ें ले जा रही एक यात्री को रोका। वह 3 मार्च 2025 को अमीरात की उड़ान से दुबई से बंगलूरू पहुंची थी। जानकारी के मुताबिक, रोकने के बाद डीआरआई अधिकारियों ने लावेल रोड स्थित उसके आवासीय परिसर की तलाशी ली, जहां वह अपने पति के साथ रहती है। पकड़ी गई महिला दक्षिण भारतीय फिल्मों की अभिनेत्री रान्या राव है। उनके पिता डीजीपी हैं। बताया गया कि तलाशी के दौरान 2.06 करोड़ रुपये के सोने के आभूषण और 2.67 करोड़ रुपये की भारतीय मुद्रा जब्त की गई। यात्री को सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया गया है और न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस मामले में कुल जब्ती 17.29 करोड़ रुपये हुई है। 14.2 किलोग्राम की यह खेप हाल के दिनों में बंगलूरू अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सोने की सबसे बड़ी जब्तियों में से एक है। वित्त मंत्रालय के मुताबिक, डीआरआई ने सोने की तस्करी के एक बड़े रैकेट का भंडाफोड़ किया है। इस रैकेट से 12 करोड़ रुपये से अधिक कीमत का 14.2 किलोग्राम सोना जब्त किया गया है। डीआरआई अधिकारियों ने एक महिला यात्री को रोका और उसके पास 12.56 करोड़ रुपये मूल्य की विदेशी सोना जब्त किया। सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 के प्रावधानों के तहत सोना जब्त किया गया। इसके बाद डीआरआई अधिकारियों ने यात्री के आवास की तलाशी ली। यहां वह अपने पति के साथ रहती है। तलाशी के दौरान सोने के आभूषण और नकदी जब्त की गई। महिला यात्री को सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया गया है। सोने की तस्करी के मामले में जिस महिला तस्कर को गिरफ्तार किया गया है, वह दक्षिण भारतीय फिल्मों की अभिनेत्री रान्या राव बताई जा रही हैं। अभिनेत्री पुलिस महानिदेशक (पुलिस आवास निगम) रामचंद्र राव की बेटी भी हैं। हालांकि, रामचंद्र राव की ओर से कहा गया है कि उनका रान्या से अब कोई संबंध नहीं है। शादी के बाद से ही दोनों के बीच कोई रिश्ता नहीं रह गया है।

## पाकिस्तान में दोहरे विस्फोटों में 21 लोगों की मौत

**इस्लामाबाद 05 मार्च (वार्ता)।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में मंगलवार को आतंकवादी समूह तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) से संबंधित आत्मघाती हमलावरों द्वारा एक सैन्य अड्डे पर किए गए दोहरे विस्फोटों और सुरक्षा बलों द्वारा की गई जवाबी गोलीबारी में कम से कम 21 लोग मारे गए। मारे गए लोगों में 15 नागरिक और छह आतंकवादी है। मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी है। बन्नू में एक अस्पताल के अधिकारी ने कहा कि विस्फोटों में चार बच्चों और दो महिलाओं सहित कम से कम 15 नागरिक मारे गए जबकि 25 अन्य घायल हो गए। सुरक्षा बलों ने कहा कि बन्नू छावनी पर बड़े आतंकवादी हमले को नाकाम कर दिया गया और उन्होंने टीटीपी से संबंधित कम से कम छह हमलावरों को मार गिराया। जियो टीवी की रिपोर्ट के अनुसार सूत्रों ने कहा कि आत्मघाती हमलावरों ने विस्फोटकों से लदी दो कारों को परिसर की परिधि में घुसा दिया जिससे बड़े विस्फोट हुए। सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि सुरक्षा बलों के कड़े प्रतिरोध का सामना करते हुए विस्फोटकों से लदे वाहनों को प्रवेश पाने के प्रयास में छावनी की परिधि की दीवार में घुसा दिया गया। इस बीच विभिन्न प्रवेश बिंदुओं पर सुरक्षा कर्मियों ने छह आतंकवादियों को मार गिराया और अन्य को पकड़ लिया।

## फ्रैंक इंप्रेशन की रंगीन फोटोकॉपी इस्तेमाल कर डाक विभाग को लगाया 7.66 करोड़ रुपये का चूना




**नई दिल्ली, 05 मार्च (एजेंसी)।** फ्रैंक इंप्रेशन की रंगीन फोटोकॉपी का इस्तेमाल कर डाक विभाग को 7.66 करोड़ रुपये का चूना लगा दिया गया। डाक राशि का वास्तविक भुगतान किए बिना ही आरोपी, नकली फ्रैंकिंग इंप्रेशन पर्चियां लगाकर खेप बुक करते थे। अब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के हैदराबाद जोनल कार्यालय ने मेसर्स प्रिशा पर्ल्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ विशेष न्यायालय (पीएमएलए), के समक्ष अभियोजन शिकायत (पीसी) दायर की है। यह शिकायत उक्त कंपनी और इसके निदेशक नीलेश कुमार अग्रवाल, शैलेश कुमार अग्रवाल, मेसर्स घनश्यामदास ज्वैलर्स, मेसर्स अग्रवंशी एग्रो फार्म्स एलएलपी और गजानंद अग्रवाल के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत दायर की गई है। विशेष न्यायालय (पीएमएलए) ने अभियोजन शिकायत का संज्ञान लिया है। मूल्य देय डाक (वीपीपी) भारतीय डाक सेवाओं द्वारा दी जाने वाली एक सेवा है। यह एक ऐसी प्रणाली है जिसमें सामान प्राप्त करने वाला व्यक्ति सामान प्राप्त करने के बाद ही उसके मूल्य का भुगतान करता है। ईडी की जांच से पता चला कि मेसर्स प्रिशा पर्ल्स प्रा. लिमिटेड और उसके निदेशकों ने डाक विभाग के माध्यम से उनके द्वारा भेजे गए वास्तविक पार्सल को छिपाने के लिए, मूल फ्रैंक इंप्रेशन की रंगीन फोटोकॉपी को फिक्स कर, उस अवधि के दौरान कंपनी की बिक्री/कारोबार को काफी कम बताया। उक्त अपराध को अंजाम देकर मेसर्स प्रिशा पर्ल्स ने डाक विभाग को 7.66 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचा दिया। ईडी ने मेसर्स प्रिशा पर्ल्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ आपराधिक साजिश को आगे बढ़ाने के लिए हुमायूं नगर उप-डाकघर के अधिकारियों और अज्ञात अन्य लोगों के खिलाफ सीबीआई, एसीबी, हैदराबाद द्वारा दर्ज की गई एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की।

## बाबा बफानीं के भक्तों के लिए खुशखबरी, यात्रा की तारीखों का हुआ ऐलान



**जम्मू, 05 मार्च (एजेंसी)।** दक्षिण कश्मीर में 3,880 मीटर ऊंचे पवित्र अमरनाथ गुफा मंदिर की 38 दिवसीय वार्षिक तीर्थ यात्रा तीन जुलाई से शुरू होगी। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा की अध्यक्षता में श्री अमरनाथ जी श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) की 48वीं बोर्ड बैठक में इसका निर्णय लिया गया। प्रवक्ता ने बताया, "इस साल यात्रा तीन जुलाई को दोनों मार्गों- अनंतनाग जिले में पहलगाम ट्रैक और गंदेरबल जिले में बालटाल से एक साथ शुरू होगी और रक्षाबंधन के दिन नौ अगस्त को इसका समापन होगा। उन्होंने बताया कि बैठक में तीर्थ बोर्ड के सदस्यों ने भाग लिया, जिन्होंने श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं और सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए विभिन्न उपायों और हस्तक्षेपों का प्रस्ताव रखा। प्रवक्ता ने बताया कि अमरनाथ यात्रा के लिए तीर्थयात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए बैठक में जम्मू, श्रीनगर और अन्य स्थानों पर केंद्रों पर ठहरने की क्षमता बढ़ाने, ई-केवाईसी के लिए यात्री सुविधा केंद्रों का संचालन, आरएफआईडी कार्ड जारी करने, नौगाम और कटरा रेलवे स्टेशनों सहित कई स्थानों पर तीर्थयात्रियों का मौके पर पंजीकरण करने के उपायों पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि इस बात पर भी चर्चा की गई कि आवश्यकता के अनुसार बालटाल, पहलगाम, नुनवान और पंथा चौक श्रीनगर में भी इन सुविधाओं को उपयुक्त रूप से बढ़ाया जाना चाहिए। संबंधित विभागों द्वारा किए जा रहे विभिन्न कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए उपराज्यपाल ने यात्रा के मार्ग में विभिन्न स्थानों पर पर्याप्त व्यवस्था और अपेक्षित सुविधाएं सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया। प्रवक्ता ने बताया कि उन्होंने श्रीनगर के पंथा चौक स्थित यात्री निवास में क्षमता बढ़ाने का भी आह्वान किया। बैठक में चल रही परियोजनाओं, यात्रा से संबंधित सूचनाओं के प्रसार, यात्रियों, सेवा प्रदाताओं, टट्टुओं को बीमा कवर, श्राइन बोर्ड द्वारा ऑनलाइन सेवाओं के विस्तार पर भी चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि यात्रा मार्गों को चौड़ा करने और उनका रखरखाव करने के लिए भी काम किया जाएगा।

# मीरापुर के युवक की मेरठ के इंचौली में मौत

**मीरापुर, 05 मार्च (बु.)।** मीरापुर से मेरठ जा रहे मीरापुर निवासी युवक की मेरठ के इंचौली थानाक्षेत्र में सड़क हादसे में मौत हो गई। युवक की मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया तथा परिजन दर्जनों लोगों के साथ घटनास्थल की ओर रवाना हो गए। मीरापुर के मौहल्ला घास मंडी निवासी युवा व्यापारी अर्पित सिंघल(32वर्ष) पुत्र मुरली सिंघल बुधवार की दोपहर घर से अपनी बाइक पर सवार होकर मेरठ के लिए निकला था, जब वह मेरठ के इंचौली थानाक्षेत्र के गांव सैनी में पहुँचा, तभी सामने की ओर से आए किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे अर्पित दूर जाकर गिरा और उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मौके पर पहुँची इंचौली पुलिस ने उसकी पहचान कर दुर्घटना की सूचना उसके परिजनों को दी। अर्पित की मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।आनन-फानन में परिवार के सदस्य दर्जनों लोगों के साथ मौके पर पहुँच गए तथा युवक की मौत से परिवार व आसपास के क्षेत्र में शोक छा गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## चित्रकूट में वाहन पलटने से चार मरे

**चित्रकूट 5 मार्च (वार्ता)** उत्तर प्रदेश में चित्रकूट जिले के कर्वी क्षेत्र में पिकअप वाहन पलटने से चार महिलाओं की मृत्यु हो गयी जबकि छह अन्य गंभीर रुप से घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि आज सुबह करीब 20 श्रमिक पिकअप पर सवार होकर मजदूरी करने के लिये जा रहे थे कि भागा पुल पर विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात भारी वाहन से पिकअप की साइड टकरा गई। हादसे में पिकअप पर सवार लोग नीचे गिर गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर गहरा दुख जताते हुये अधिकारियों को घायलों के समुचित प्रबंध करने के निर्देश दिये हैं। हादसे में घायल लोगों को अस्पताल ले जाया गया जहां मध्य प्रदेश के छतरपुर जिला निवासी कुसुम (52), केसर (3), मन्नू (14) और सपना को डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। हादसे में गंभीर रुप से घायल मुन्नी (16), वंदना (35), सपना (19), शकुंतला (45),कुसुम (45),श्री केशन (50),भोले (35),केसर (35), वर्षा (10) और कार्तिक की हालत स्थिर बनी हुयी है।

## ईडी ने एसडीपीआई के अध्यक्ष मोइदीन को गिरफ्तार किया

**नयी दिल्ली 04 मार्च (वार्ता)** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एसडीपीआई) के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोइदीन कुट्टी के उर्फ एमके फैजी को सोमवार को इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे, नई दिल्ली से पीएमएलए 2002 के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया। ईडी ने मंगलवार को सोशल मीडिया मंच "एक्स" पर यह जानकारी दी है। ईडी ने बताया कि एसडीपीआई पीएफआई का एक राजनीतिक मोर्चा है और एमके फैजी 2018 से एसडीपीआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं।

## औरंगजेब पर टिप्पणी के लिए विधायक आजमी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**मुंबई 04 मार्च (वार्ता)** महाराष्ट्र में मुंबई पुलिस ने समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायक अबू आसिम आजमी के खिलाफ मुगल बादशाह औरंगजेब की प्रशंसा करने और एक समुदाय की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यहां यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शिवसेना के एक कार्यकर्ता ने ठाणे के एक पुलिस स्टेशन में प्राथमिकी दर्ज कराई है। हालांकि जांच को मुंबई स्थानांतरित कर दिया गया क्योंकि कथित टिप्पणी राज्य विधान भवन के परिसर में दिए गए एक साक्षात्कार के दौरान की गई थी जो मरीन ड्राइव पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में आता है।

## औरंगजेब की तारीफ करने वाले विधायक को यूपी भेजे, अच्छे से होगा 'उपचार' : योगी

**लखनऊ, 5 मार्च (वार्ता)** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि समाजवादी पार्टी (सपा) को औरंगजेब की तारीफ करने वाले अपने विधायक को तत्काल पार्टी से बाहर कर देना चाहिये और उन्हे उत्तर प्रदेश भेज देना चाहिये ताकि उनका उपचार हो सके। विधान परिषद में बजट सत्र के दौरान योगी ने महाराष्ट्र में सपा विधायक अबू आजमी के बयान पर सपा को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि सपा अपने विधायक को तत्काल पार्टी से निलंबित करे और उसे उत्तर प्रदेश भेजे। यूपी ऐसे लोगों का इलाज करने में देरी नहीं करता।



## आस्ट्रेलियाई कप्तान स्टीव स्मिथ ने लिया एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास

**दुबई 05 मार्च (वार्ता)** ऑस्ट्रेलिया टीम के कार्यवाहक कप्तान स्टीव स्मिथ ने चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में भारत के हाथों मिली हार के बाद एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। आस्ट्रेलियाई 35 वर्षीय बल्लेबाज स्मिथ ने बुधवार को एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। उन्होंने भारत के हाथों मिली हार के तुरंत बाद ही अपनी टीम के साथियों को संन्यास लेने के बारे में बताया था। वह 2027 के एकदिवसीय विश्वकप के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। हालांकि वह टेस्ट और टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलते रहेंगे। स्मिथ चैंपियंस ट्रॉफी में पैट कमिंस की अनुपस्थिति में ऑस्ट्रेलिया के कार्यवाहक कप्तान की भूमिका निभा रहे थे। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट बोर्ड ने स्मिथ के बयान को जारी किया। स्मिथ ने अपने बयान में कहा, ''वनडे में उनकी बेहतरीन यात्रा रही है और मैंने खेल के हर एक क्षण भरपूर आनंद लिया है। इस यात्रा की कई सुनहरी यादों में दो विश्वकप भी शामिल हैं। अब युवा खिलाड़ियों के लिए 2027 के विश्वकप की तैयारी करने का समय है तो मुझे ऐसा लगता है कि यह मेरी विदाई का सही समय है।''



## गुजरात दंगा मामलों से जुड़े 14 गवाहों की सिक्योरिटी वापस ली

**नई दिल्ली, 05 मार्च (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त विशेष जांच दल (एसआईटी) 2002 के गुजरात दंगों के मामलों की फिर से जांच कर रही है। इस बीच एसआईटी ने मामले से जुड़े सभी गवाहों की सेंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स (सीआईएसएफ) सुरक्षा वापस ले ली है। मामले में 14 गवाहों को 2009 से सीआईएसएफ की सुरक्षा मिली हुई है। बता दें कि एसआईटी ने 2023 में सुरक्षा वापस लेने की सिफारिश की थी। इससे पहले अगस्त 2021 में एसआईटी ने 25 गवाहों की सुरक्षा यह कहते हुए हटा दी थी कि उन्हें कोई खतरा नहीं है। इन गवाहों को सीआईएसएफ के जवान और स्थानीय पुलिस की सुरक्षा मिली हुई थी। 27 फरवरी 2002 को अयोध्या से लौट रहे कारसेवकों को ले जा रही साबरमती एक्सप्रेस की एक बोगी को गुजरात के गोधरा में आग लगा दी गई थी, जिसके चलते 58 लोगों की मौत हो गई थी। इतना ही नहीं इस घटना ने पूरे राज्य में व्यापक दंगे भड़का दिए, जिसके कारण केंद्र सरकार को व्यवस्था बहाल करने के लिए सेना को तैनात करना पड़ा था। आधिकारिक अनुमानों के अनुसार 2002 के गुजरात दंगे भारत में सांप्रदायिक हिंसा की सबसे गंभीर घटनाओं में से एक थे। अशांति के कारण रेप, लूटपाट, प्रोपर्टी को नुकसान पहुंचाने और घरों और दुकानों को जलाने की खबरें भी आईं। इस दौरान लगभग 200,000 लोग विस्थापित हुए, जिनमें से कई अपने घरों को वापस नहीं लौट पाए और इसके बजाय नए क्षेत्रों में बस गए।

## राहुल गांधी पर कोर्ट ने लगाया दो सौ रुपये का जुर्माना

**लखनऊ, 05 मार्च (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के लखनऊ में कोर्ट ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर 200 रुपए का जुर्माना लगाया है। एसीजेएम कोर्ट ने जुर्माने की रकम वादी के वकील नृपेंद्र पांड को देने का आदेश दिया है। कोर्ट ने यह कार्रवाई राहुल गांधी के व्यक्तिगत रूप से हाजिर नहीं होने पर की है। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम) कोर्ट ने लगातार पेशी से गायब रहने पर जुमार्ना लगाया है। इसके साथ ही वॉर्निंग दी गई है कि 14 अप्रैल 2025 को अदालत में हाजिर हों, यदि वे इस तारीख को भी पेश नहीं होते हैं तो कठोर कानूनी कार्रवाई हो सकती है। शिकायतकर्ता वकील नृपेंद्र पांडेय के अनुसार, राहुल गांधी ने 17 दिसंबर 2022 को महाराष्ट्र के अकोला में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर पर विवादित बयान दिया था। उन्होंने सावरकर को अंग्रेजों का नौकर और पेंशन लेने वाला कहा था। जिसके बाद काफी बवाल मचा था और उसी मामले में उनके खिलाफ केस किया गया था। जिसकी सुनवाई लखनऊ की एसीजेएम कोर्ट में चल रही है, हालांकि सुनवाई में व्यक्तिगत रूप से शामिल नहीं होने की वजह से कोर्ट ने 200 रुपए का जुमार्ना लगाया और उनके पक्ष से पेश होने वाले व्यक्ति को फटकार भी लगाई। कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर एसीजेएम -27 कोर्ट ने 200 रुपए का जुमार्ना लगाया है। हाजिरी माफ करने के लिए कोर्ट ने यह फाइन लगाया। ये 200 रुपए वादी वकील नृपेंद्र पांडे को देने का आदेश कोर्ट ने दिया। व्यक्तिगत पेशी पर लगातार न आने के चलते कोर्ट ने यह आदेश दिया।

# शाहपुर के बसी कलां में प्रवेश द्वार का भारी भरकम बोर्ड गिरा, 14 वर्षीय किशोर गंभीर रूप से घायल



**शाहपुर, 05 मार्च (बु.)।** क्षेत्र के गांव बसीकलां में शाहपुर-भौराकलां मार्ग पर बसीकलां के गांव प्रधानपति साबू कुरैशी ने गांव में प्रवेश करने वाले स्थान पर लोहे के दो बड़े पिलरों पर बड़ा फ्लैक्स बोर्ड लगाया हुआ था। बुधवार की दोपहर गांव का ही 14 वर्षीय सलमान पुत्र पीरु सामान लेने एक दुकान पर जा रहा था। इसके अलावा वहां कई अन्य बच्चे व युवक भी मौजूद थे। इसी दौरान पिलरों पर लगाया गया फ्लेक्स बोर्ड अचानक लोहे के पिलरों से टूट कर नीचे गिर गया, जिसकी चपेट में 14 वर्षीय सलमान आ गया, जिससे उसको सर व कमर आदि पर गंभीर चोटें आई। इसी दौरान वहां मौजूद सरताज, फरमान, आदिल, शाद व फरहान आदि ने भाग कर जान बचाई। इस मार्ग से गांव के अलावा गांव आदमपुर, शिकारपुर आदि गांवों के ग्रामीणों का आना-जाना लगा रहता है। ग्रामीणों ने बताया कि करीब 10 दिन पूर्व इस बोर्ड पर नया फ्लैक्स लगाया गया था। फ्लैक्स लगाने वाले कारीगरों ने बताया था कि इस बोर्ड को जंग लग चुका है, जिससे यह बेहद कमजोर हो गया है। इसको बदलवाना चाहिए, किंतु किसी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। ग्रामीणों ने बताया कि गंभीर घायल किशोर के परिवार की आर्थिक हालत बेहद कमजोर है। उसके पिता रिक्शा आदि चलकर अपने परिवार का पालन पोषण कर रहे हैं।



## शाहपुर क्षेत्र में महिला से दुष्कर्म का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**शाहपुर, 05 मार्च (बु.)।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी मजदूर महिला ने मुकदमा दर्ज कराया था कि गांव निरमानी निवासी लुकमान के यहां नौकर के रूप में कार्य करने वाले राज उर्फ राहुल ने उसे बहला फुसला कर अपने वश में कर लिया था तथा उसके साथ दुष्कर्म कर वीडियो बनाकर वायरल कर दी थी, जिसके बाद गांव निरमानी के ही इरशाद ने भी उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया था। इसके अलावा लुकमान ने भी उसके साथ दुष्कर्म किया। स्वामी यशवीर महाराज की चेतावनी के बाद पुलिस ने तीनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए एक आरोपी राज उर्फ राहुल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी राज उर्फ राहुल पुत्र विश्वनाथ कुशवाहा देवरिया जनपद के खुखुन्दू थाना क्षेत्र के गांव परसिया मिश्र का रहने वाला है। पुलिस ने बताया कि उसके परिजनों से भी वार्ता की गई। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी ने तीन मार्च को गांव गढ़ी दुर्गनपुर निवासी एक व्यक्ति के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया था, जिसमें उसने अपना नाम व पता यही दर्शाया है। पुलिस ने बताया कि महिला से दुष्कर्म करने के गिरफ्तार आरोपी राज उर्फ राहुल के विरुद्ध कार्यवाही कर उसका चालान कर दिया। इसके अलावा दो अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।



## सोनप्रयाग से केदारनाथ तक बनेगा रोपवे

**नई दिल्ली, 05 मार्च (एजेंसी)।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय रोपवे विकास कार्यक्रम की पर्वतमाला परियोजना के तहत उत्तराखंड में सोनप्रयाग से केदारनाथ तक 12.9 किलोमीटर लंबी रोपवे परियोजना को मंजूरी दे दी है। इसके अलावा गोविंदघाट से हेमकुंड साहिबजी के बीच भी 12.4 किमी लंबा रोपवे बनेगा। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को इसकी जानकारी दी।

# नकली फर्टिलाइजर फैक्ट्री पर मुकदमा

▶ एडीएम न्यायिक के नेतृत्व में मारा छापा, दो गिरफ्तार ▶ टीम ने तीन कीटनाशी व एक उर्वरक का नमूना किया जब्त



**मुजफ्फरनगर, 05 मार्च (बु.)।** जिले में किसानों को और बेहतर कीटनाशक, पेस्टीसाइड एवं बीज-खाद उपलब्ध कराने को प्रयासरत अधिकारियों की टीम लगातार छापेमारी करने केसाथ दोषियों पर कार्यवाही करने में जुटी है। वहीं नकली दवाओं एवं अन्य शिकायतों पर विभागीय टीम सक्रियता के साथ कार्यरत है। कृषि विभाग की ओर से की जा रही इस कार्यवाही से क्षेत्र में हड़कंप सा मचा है।

बुधवार को इस कड़ी में डीएम उमेश मिश्रा को मिली शिकायत के आधार पर भोपा रोड पर लंबे समय से संचालित फर्टिलाइजर की उक्त फैक्ट्री पर छापेमारी की गई। डीएम के निर्देश पर हाल में यहां आए एडीएम न्यायिक संजय सिंह के नेतृत्व में बुधवार को राजस्व एवं कृषि विभाग की टीम ने भोपा रोड के ग्राम कासमपुरा में स्थित एक फैक्ट्री पर छापा मारा। टीम के निरीक्षण के दौरान फैक्ट्री में कीटनाशी एवं उर्वरक का निर्माण कार्य संचालित होते हुए पाया गया। टीम ने यहां पर निर्मित कीटनाशी के तीन एवं उर्वरक का एक नमूना जब्त करते हुए जांच के लिए प्रयोगशाला में भेज दिया। साथ ही बिना लाइसेंस के संचालित हो रही फैक्ट्री को अन्य सामग्री के साथ सील कर दिया गया। कृषि विभाग के तमाम अधिकारियों की मौजूदगी में की गई इस कार्यवाही से क्षेत्र में पूरे दिन हड़कंप मचा रहा। विभागीय टीम ने इस दौरान मौके पर पकड़े गए अमित कुमार एवं सतेन्द्र कुमार को पुलिस की अभिरक्षा में देते हुए भोपा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराने की कार्यवाही कर दी है। बुधवार को भोपा रोड पर सील की गई फैक्ट्री कार्यवाही में उप निदेशक कृषि संतोष कुमार, नायब तहसीलदार विपिन कुमार, जिला कृषि अधिकारी राहुल तेवतिया, जिला कृषि रक्षा अधिकारी यतेन्द्र सिंह, कीटनाशी निरीक्षक आनन्दवीर सिंह एवं पटल लिपिक देवेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## त्यौहारों के मद्देनजर असामाजिक तत्वों पर निगरानी करने के आदेश

**मुजफ्फरनगर, 5 मार्च (बु.)।** मंगलवार की रात एडीजी मेरठ जोन डी.के. ठाकुर ने कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए आने वाले त्यौहारों होली, दिवाली, ईद व नवरात्रों को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पुलिस लाइन में कानून व्यवस्था की समीक्षा की। जनपद के पुलिस अधिकारियों से समीक्षा बैठक करते हुए उन्होंने पुलिस भर्ती, जेटीसी व आरटीसी प्रशिक्षण की तैयारियों को समय से पूरा करने के निर्देश दिये। ई-ऑफिस व्यवस्था का शत प्रतिशत संचालन करने के निर्देश दिये गए। इसी क्रम में गौ हत्या, गौकशी, भू माफिया, मादक पदार्थों की तस्करी, शराब व खनन में संलिप्त बदमाशों को गैंगस्टर एक्ट के तहत सम्पत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही करने के भी निर्देश दिये गए। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मी अपनी अपनी बीट में जाकर ग्राम प्रधानों आदि के सहयोग से स्कूल, कॉलेज, कोचिंग सैंटरों आदि में गोष्ठी कर महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी भी दें। इसी के साथ साथ लम्बित विवेचनाएं, महिला सम्बंधी अपराध, पॉक्सो एक्ट विशेषकर एससी, एसटी एक्ट मुकदमों की समीक्षा करने के बाद विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण करें। मीटिंग में डीआईजी व एसएसपी अभिषेक सिंह, एसपी सिटी सत्य नारायण प्रजापत, एसपी देहात आदित्य बंसल, एसपी क्राइम प्रशान्त कुमार प्रसाद, एसपी ट्रैफिक अतुल कुमार चौबे समेत सभी सीओ और थाना प्रभारी मौजूद रहे।

# प्रभारी निरीक्षक खतौली की माता के बारे में कहे गये अपशब्दों पर भाकियू के प्रान्तीय नेता योगेश शर्मा ने जताया खेद

**खतौली, 05 मार्च (बु.)।** गत दिनों कोतवाली में धरनारत भाकियू नेता द्वारा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पर अमर्यादित अपशब्दों के साथ निजी शब्द बाण का प्रहार किये जाने के प्रकरण में पुलिस प्रशासन व ब्राह्मण महासभा के आक्रोश से बैकफुट पर आये भाकियू राष्ट्रीय अध्यक्ष के प्रतिनिधि व प्रान्तीय पदाधिकारी ने नगर में पहुंचकर बयान पर खेद व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि मुजफ्फरनगर बुलेटिन समाचार के बुधवार के अंक में उक्त घृणित बयान सम्बन्धी समाचार प्रकाशित किया गया था। मिली जानकारी के अनुसार गत दिनों कोतवाली में चल रहे धरने के दौरान एक भाकियू नेता द्वारा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पर अभद्र व अशोभनीय शब्दों का प्रयोग करते हुए निजी हमला बोला था, जिसकी वीडियो वायरल होने से जहां पुलिस प्रशासन में आक्रोश बनता दिखायी देने शुरू हो गया था, वहीं अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा द्वारा भी भाकियू नेता के बयान पर आक्रोश व्यक्त करते हुए भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत से भी उक्त बयान के सम्बन्ध में वार्तालाप किये जाने की घोषणा की गयी थी। भाकियू के उक्त नेता के अभद्र बयान को लेकर बढ़ते असंतोष को संज्ञान में लेकर बुधवार को भाकियू राष्ट्रीय अध्यक्ष के प्रतिनिधि के रूप में भाकियू के प्रान्तीय नेता योगेश शर्मा ने खतौली पहुंचकर नगर के परशुराम भवन में भारतीय ब्राहमण महासभा के पदाधिकारियों से मुलाकात की। बताया जाता है कि इस दौरान भाकियू नेता ने अपशब्दों के प्रयोग वाली वायरल हो रही वीडियो भी देखी तथा महासभा के पदाधिकारियों से भी वार्तालाप की। इस दौरान भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष के प्रतिनिधि के रूप में आये भाकियू नेता योगेश शर्मा ने कोतवाली प्रभारी के बारे में अपशब्दों का प्रयोग करते हुए दिये गये बयान की निन्दा करते हुए बयान को अशोभनीय बताया। उन्होंने बयान देने वाले भाकियू नेता को उक्त बयान के सम्बन्ध में कड़ी चेतावनी देते हुए भविष्य में भाषा पर संयम बरतने की बात कही। भाकियू नेता ने इस दौरान भविष्य में ऐसे बयान की पुनरावृत्ति न होने देने का आश्वासन भी वार्तालाप में मौजूद अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा पदाधिकारियों को दिया। वार्तालाप के दौरान ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष के.पी. शर्मा, महामंत्री मुकेश शर्मा, विकास कौशिक सभासद, सुरेश चन्द शर्मा, धर्मेन्द्र शर्मा, अनुज भारद्वाज, नीरज कौशिक, विनोद शर्मा, प्रदीप शर्मा, जे.बी. कौशिक आदि सहित ब्राह्मण महासभा के सदस्यगण मौजूद थे।



## शहीद चौक पर भड़काऊ भाषण मामले में पूर्व सांसद कादिर राणा, नूरसलीम राणा सहित सभी आरोपी पेश

**मुजफ्फरनगर, 5 मार्च (बु.)।** शहर कोतवाली क्षेत्र के शहीद चौक पर 30 अगस्त 2013 को एक जनसभा में भड़काऊ भाषण देने के मामले में कोर्ट में ट्रायल शुरू हो गया है, जिसमें बुधवार को सात आरोपी पेश हुए। आपको बता दें कि इस जनसभा के दौरान पूर्व सांसद कादिर राणा, पूर्व विधायक नूरसलीम राणा आदि नेताओं ने भड़काऊ भाषण दिये थे, जिसके बाद जनपद में दंगा भड़क गया था। उक्त मामले में पुलिस ने दस नामजद व सैंकड़ों अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस की ओर से पूर्व सांसद कादिर राणा, नूरसलीम राणा, मौलाना जमील, सुल्तान कुरैशी, अधिवक्ता अशद जमा, अहसान कुरैशी समेत दस के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गयी थी। बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने बताया कि उक्त मामले की सुनवाई एमपीएमएलए कोर्ट में चल रही है। बुधवार को सभी आरोपी कोर्ट में पेश हुए। इसी मामले में एक आरोपी अहसान की मौत हो चुकी है। उक्त मामले में कोर्ट में ट्रायल शुरू हो गया, जिसमें कोर्ट ने सुनवाई के लिए 26 मार्च की तिथि नियत की है।

## सख्ती के बावजूद थमा नहीं रिकार्ड रूम में बाहरी लोगों का प्रवेश

रिकॉर्ड रूम में मिला प्राइवेट कर्मचारी, फिर चेयरपर्सन नाराज

**मुजफ्फरनगर, 05 मार्च (बु.)।** नगरपालिका का रिकॉर्ड लाख सख्ती और आदेशों के बाद भी सुरक्षित हाथों से फिसल रहा रहा है। बड़ी बात यह चेयरपर्सन के कड़े रूख और नाराजगी के बाद भी यहां कार्यरत लिपिक के खिलाफ कोई कार्यवाही न होने से उसके हौंसले बढ़ते जा रहे हैं, जिसका प्रमाण बुधवार को सुबह उस वक्त चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप को साक्षात मिला, जबकि वो टाउनहाल में औचक निरीक्षण को पहुंची। उन्हें रिकॉर्ड रूम में पटल लिपिक तनवीर आलम के साथ प्राइवेट कर्मी फिर से कार्य करते हुए मिला। पूर्व की चेतावनी के बाद बाहरी व्यक्ति को दफ्तर में देखकर उनका पारा चढ़ गया और उन्होंने लिपिक को अंतिम चेतावनी देते हुए प्राइवेट कर्मचारी को हटाने के लिए कहा है। बता दें, बुधवार को औचक निरीक्षण को चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप जब पालिका में पहुंची, तो कर विभाग के निरीक्षण के बाद वो सीधे रिकॉर्ड रूम पहुंची। यहां पर उनको फिर से वो ही प्राइवेट कर्मी फरहत कार्य करते मिला, जो पूर्व के निरीक्षण में वहां मौजूद था और उसको हटाने के निर्देश देने के साथ रिकॉर्ड रूम के प्रभारी लिपिक तनवीर आलम को ईओ की ओर से नोटिस जारी करते हुए कार्य व्यवहार को सुधारने की चेतावनी दी थी। चेयरपर्सन इसको लेकर लिपिक तनवीर के आचरण पर नाराजगी जताते हुए इन आदेशों के अनुपालन की अवहेलना को लेकर वो जमकर भड़की तथा चेतावनी दी कि यदि फरहत रिकॉर्ड रूम में मिला तो कड़ी कार्यवाही की जायेगी। इसके लिए उन्होंने ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह को निगरानी के लिए निर्देशित किया। ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने चेयरपर्सन को बताया कि लिपिक तनवीर आलम द्वारा सहायक के रूप में एक कर्मी की मांग की गई थी, जिसके लिए एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी रेहान उनको कार्य करने को दिया जा चुका है। इसके बाद भी यदि कोई प्राइवेट कर्मी उनके साथ कार्य कर रहा है, तो इसकी जानकारी नहीं है। इसके साथ ही उन्होंने कर्मचारियों और अधिकारियों की उपस्थिति को परखा तथा अन्य विभागों के साथ ही टाउनहाल परिसर में चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण करते हुए ठेकेदार को समय से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# बरेली में दो पैन कार्ड से करोड़ों का लोन लेने वाली शिक्षिका गिरफ्तार

**बरेली, 05 मार्च (एजेंसी)।** बरेली के एमबी इंटर कॉलेज की निलंबित शिक्षिका बदायूं जिले की मूल निवासी वंदना वर्मा को प्रेमनगर थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। वंदना के पास दो पैनकार्ड व फर्जी कागजात थे, जिनके सहारे उसने करोड़ों रुपये का लोन ले रखा था। कई लोगों को फर्जी नियुक्ति पत्र थमाकर उनसे ठगी भी की थी।



बदायूं शहर की आदर्श नगर कॉलोनी की मूल निवासी वंदना वर्मा शहर के डीडीपुरम इलाके में कई साल से शानदार आवास बनाकर रह रही है। वह एमबी इंटर कॉलेज में अंग्रेजी विषय की सहायक अध्यापिका के तौर पर कार्यरत थी। वंदना के ही पड़ोसी बदायूं निवासी अमित कुमार ने पिछले साल से वंदना के काले चिट्ठे खोलने शुरू किए थे। शुरू में विद्यालय प्रबंधन ने आरोपों को गंभीरता से नहीं लिया, बाद में सबूतों के साथ डीएम और डीआईओएस से की गई शिकायत पर जांच शुरू हुई। इसमें राजकीय हाईस्कूल की प्रधानाचार्य कुसुमलता ने जांच की तो वंदना को वित्तीय लेनदेन व धोखाखड़ी का दोषी माना गया। मामले में कार्रवाई शुरू हुई और वंदना को निलंबित किया गया। हाल ही में अमित कुमार की ओर से प्रेमनगर थाने में शिक्षिका के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। वंदना वर्मा पर आरोप है कि उसने दो पैनकार्ड और नाम पतों के फर्जी प्रमाणपत्र देकर कई बैंकों से तीन करोड़ से ज्यादा रुपये का लोन लिया और एशोआराम की जिंदगी जी रही थी। उसने कई लोगों को शिक्षक पद पर नौकरी का झांसा देकर ठगी की। ऐसे लोग भी उसके खिलाफ शिकायतें करते घूम रहे थे। आरोप है कि बिना विभागीय अनुमति के शिक्षिका वंदना वर्मा ने विदेश यात्रा भी कर लीं। इंस्पेक्टर प्रेमनगर आशुतोष रघुवंशी ने बताया कि आरोपी शिक्षिका को जेल भेज दिया गया है।

## दिल्ली में पकड़ी गई महिला नक्सली, मुठभेड़ में रही शामिल

**नई दिल्ली, 05 मार्च (एजेंसी)।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने दिल्ली में पहचान बदलकर रह रही नक्सली महिला को गिरफ्तार किया है। उसने नाम व पहचान बदल ली थी। वह नक्सली बनने के समय पांच साल का कठोर प्रशिक्षण लिया था। गिरफ्तार नक्सली महिला वर्ष 2018, 2019 और 2020 में तीन मुठभेड़ों में शामिल रही थी। अपराध शाखा के पुलिस उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि गिरफ्तार महिला (23 वर्ष) झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के कुदाबुरू गांव की रहने वाली है। उन्होंने बताया कि इंस्पेक्टर लिछमन और एसआई देवेंद्र को एक माओवादी चरमपंथी महिला के बारे में 4 मार्च को गोपनीय जानकारी मिली,जो सीपीआई माओवादी नक्सली समूह का सदस्य है। यह पता चला कि नक्सली महिला अपनी असली पहचान छिपाकर और गलत नाम का इस्तेमाल कर दिल्ली के पीतमपुरा इलाके में रह रही है। वह वर्तमान में महाराणा प्रताप एन्क्लेव, पीतमपुरा में भी नौकरी करती है। पुलिस टीम ने महाराणा प्रताप एन्क्लेव, पीतमपुरा, दिल्ली में छापेमारी कर आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया।

# यूपी विधानसभा में गुटखा-पान मसाला खाने पर प्रतिबंध, लगेगा जुर्माना, विधानसभा में थूकने की घटना के बाद लिया गया फैसला

**लखनऊ, 05 मार्च (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के सत्र के दौरान मंगलवार को एक अजीब घटना सामने आई, जब किसी विधायक ने विधानसभा के मुख्य दरवाजे पर पान मसाला खाकर थूक दिया। इस घटना का वीडियो भी सामने आया, जिसके बाद विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने इसे गलत बताया और विधानसभा परिसर की गरिमा बनाए रखने की अपील की।

इस मामले में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि सदन की गरिमा सभी को बनाए रखनी चाहिए। उन्होंने खुद उस जगह की सफाई करवाई, जहां पान मसाला थूका गया था। विधानसभा कार्यवाही के दौरान उन्होंने इस मुद्दे को उठाते हुए कहा, ह्वमैं किसी सदस्य का व्यक्तिगत रूप से नाम नहीं लूंगा, लेकिन मैंने सीसीटीवी में उन्हें देखा है। वे खुद आकर मुझसे मिल लें। उन्होंने अन्य विधायकों से भी अपील की कि वे ऐसे मामलों को गंभीरता से लें और यदि कोई सदस्य इस तरह की हरकत करता है तो उसे रोकें। इस घटना के बाद यूपी विधानसभा अध्यक्ष ने एक महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए विधानसभा परिसर में गुटखा और पान मसाला के सेवन पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया। साथ ही, यदि कोई सदस्य या कर्मचारी गुटखा खाते हुए पकड़ा जाता है, तो उस पर 1,000 रुपये का जुमार्ना लगाया जाएगा। सत्र के दौरान विधानसभा में ह्नवंदे मातरमह्न के समय खड़े न होने के मुद्दे पर भी अध्यक्ष सतीश महाना ने अपनी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि भारत का संविधान सभी नागरिकों को देश के प्रति सम्मान और कर्तव्य का पाठ पढ़ाता है। उन्होंने विधायकों को संविधान के नाम पर ली गई शपथ की याद दिलाई और कहा कि वंदे मातरम का सम्मान न करना संविधान का सम्मान न करने के बराबर है। उन्होंने आगे कहा कि इस मामले में दोनों लॉबी के विजुअल्स उनके पास हैं और उन्होंने सभी विधायकों से अनुरोध किया कि भविष्य में ऐसा व्यवहार न करें। विधानसभा अध्यक्ष ने सभी सदस्यों से सदन की गरिमा बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा, ह्वयह सदन सभी का है, इसकी स्वच्छता और सम्मान बनाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। इस घटना के बाद यूपी विधानसभा में अनुशासन को लेकर और भी कड़े कदम उठाए जा सकते हैं।




## बाइडेन सबसे खराब राष्ट्रपति, अमेरिका को मुझ पर भरोसा : डोनाल्ड ट्रंप

**नई दिल्ली, 05 मार्च (एजेंसी)।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार (भारतीय समयानुसार) को अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित किया। इस दौरान ट्रंप ने आव्रजन, अर्थव्यवस्था और सुरक्षा पर तेज और निरंतर कार्रवाई का श्रेय लिया। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, 'अमेरिका का सुनहरा दौर लौट चुका है। अमेरिका की रफ्तार लौट आई है। अमेरिका का सम्मान और विश्वास लौट आया है। हमारा आत्मविश्वास वापस आ गया है। हमने 43 दिन में वह सब कर के दिखाया है, जो बाकी सरकारें 43 साल में नहीं कर पाई। यह तो बस शुरूआत है। अमेरिका फिर से महान बनने लगा है।' पिछले छह हफ्ते में मैंने 100 एक्जीक्यूटिव आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं। अवैध सीमा क्रॉसिंग के खिलाफ मैंने दक्षिणी सीमाओं पर राष्ट्रीय इमरजेंसी घोषित किया। हर एक नए कानून बनने पर मैंने 10 पुराने कानून खत्म करने का आदेश दिया हैं। मैंने मैक्सिको की खाड़ी को अमेरिकी खाड़ी नाम दिया है। अमेरिका में फ्री स्पीच की वापसी हुई है, सरकारी सेंसरशिप को मैंने खत्म किया है। ट्रंप ने कहा, कि हमने हथियारबंद सरकार को खत्म कर दिया है, उदाहरण के लिए एक बैठे हुए राष्ट्रपति को मेरे जैसे अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी पर क्रूरतापूर्वक मुकदमा चलाने की अनुमति है, यह कैसे काम कर सकता है यह अच्छा नहीं था। हमने अमेरिका में मुक्त भाषण वापस लाया है। दो दिन पहले मैंने अंग्रेजी को अमेरिका की आधिकारिक भाषा बनाने के आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं। उन्होंने आगे कहा, अमेरिका को मुझ पर भरोसा है, बाइडन अब तक के सबसे खराब राष्ट्रपति हैं,बाइडन के कार्यकाल में घुसपैठ बढ़ा था। ट्रंप ने कहा कि पद की शपथ लेने के कुछ ही घंटों के भीतर मैंने हमारी दक्षिणी सीमा पर राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा कर दी। मैंने अपने देश पर आक्रमण को रोकने के लिए अमेरिकी सेना और सीमा गश्ती दल को तैनात किया और उन्होंने क्या शानदार काम किया है! नतीजतन पिछले महीने अवैध सीमा पार करने की घटनाएं अब तक के सबसे कम रिकॉर्ड की गईं।



## राष्ट्रपति ट्रंप ने 13 साल के बच्चे को बनाया सीक्रेट सर्विस एजेंट

**वॉशिंगटन, 05 मार्च (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जनवरी में सत्ता संभालने के बाद पहली बार अमेरिकी संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने अपनी सरकार के दूसरे कार्यकाल में अब तक किए गए कामों का जिक्र किया। ट्रंप ने अपने संबोधन के दौरान एक 13 साल के बच्चे डीजे डेनियल को सीक्रेट सर्विस एजेंट नियुक्त करने का भी एलान किया। जिस वक्त ट्रंप ने यह एलान किया, उस वक्त गैलरी में डीजे भी अपने परिजनों के साथ मौजूद रहा। डीजे के लिए पूरे सदन ने खड़े होकर तालियां बजाईं। दरअसल डीजे डेनियल कैंसर से पीड़ित है और उसका सपना था कि वह पुलिस अधिकारी बने। बच्चे की हालत को देखते हुए राष्ट्रपति ट्रंप ने उसे सीक्रेट सर्विस एजेंट नियुक्त करने का फैसला किया। राष्ट्रपति ट्रंप ने बताया कि 'डीजे डेनियल साल 2018 से एक दुर्लभ कैंसर से ग्रस्त है और डॉक्टर्स ने बताया था कि डीजे के पास सिर्फ पांच महीने का ही वक्त है, लेकिन तमाम मुश्किलों के बावजूद डीजे लड़ा और आज छह साल बीत गए हैं। उसने कभी भी अपने पुलिस अधिकारी बनने के सपने को नहीं छोड़ा।' राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि 'आज की रात हम डीजे को उसकी जिंदगी का सबसे बड़ा सम्मान देंगे।



# उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में 100 एकड़ में बनेगा एप्वाइंटमेंट जोन, युवाओं को मिलेगा रोजगार

**लखनऊ, 05 मार्च (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में बजट पर चर्चा के दौरान सभी जिलों में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के नाम पर जनपदीय एप्वाइंटमेंट जोन विकसित किए जाने का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि यह एप्वाइंटमेंट जोन 100 एकड़ क्षेत्रफल में पीपीपी मोड पर विकसित किया जाएगा। यहां रोजगार सृजन पर हम कार्य कर सकेंगे। सपा पर हमला बोलते हुए कहा कि आप लोग जेपी नारायण के गांव को भूल गए थे, लेकिन कनेक्टिविटी हमने दी। उनके गांव को पहली बार बस सेवा से जोड़ने का कार्य इस सरकार ने किया है। जेपी नारायण ने 1977 में तत्कालीन प्रदेश सरकार को पत्र लिखा था कि मेरे गांव में एक स्वास्थ्य केंद्र है, हो सके तो मेरी दिवंगत पत्नी के नाम पर उसे रख दिया जाए। आप लोगों ने कुछ नहीं किया, लेकिन हमारी सरकार ने किया है। आप लोग जेपी, लोहिया को भूल गए हैं। नेता प्रतिपक्ष द्वारा जेपी सेंटर को लेकर उठाए गए सवाल पर योगी ने कहा कि बिना किसी औपचारिकता के सरकारी धन की लूट की छूट नहीं दी जानी चाहिए। जेपी के नाम पर होटल नहीं, कन्वेंशन सेंटर बनना चाहिए। लोक कल्याण के कार्य होने चाहिए। स्वयं की फिजूलखर्ची के लिए जेपी के नाम का दुरुपयोग कर रहे हैं। वे महापुरुष थे, उन्होंने लोकतंत्र को बचाया था। उनके नेतृत्व में लड़ाई लड़ी गई। आप जेपी के नाम का दुरुपयोग करके जनता के आंखों में धूल नहीं झोंक सकते हैं। योगी ने कहा कि इस प्रदेश में पहले माफिया दौड़ाता था, पुलिस भागती थी, माफिया को पुलिस सैल्यूट करती थी, लेकिन अब कानून-व्यवस्था के मामले में प्रदेश ने अपनी अवधारणा बदली है। आज देश और दुनिया के लोग प्रदेशवासियों को बहुत सम्मान की दृष्टि से देखते हैं। एक माफिया ने हाईकोर्ट के जज का काफिला रोक दिया था। जिस माफिया के लिए 10-10 जजों ने कोर्ट में सुनवाई से मना कर दिया था। वही माफिया जब इस सरकार में पुलिस के सामने आया तो उसकी पैंट गीली हो गई। सीएम योगी ने कहा कि शासन धमक से चलता है, और वही धमक आज प्रदेश के अंदर माफियाओं को दिखाई दे रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नाविकों के शोषण को लेकर भी आपने चर्चा की। आपका कहना है कि हमने उनकी देखभाल नहीं की। मैं एक नाविक परिवार की सफलता की कहानी यहां बता रहा हूं। एक नाविक परिवार जिनके पास 130 नौकाएं थीं, 45 दिनों की अवधि में इन लोगों ने 30 करोड़ रुपये की शुद्ध बचत की है। यानी एक नाव ने 45 दिनों में 23 लाख रुपये की कमाई की है। प्रयागराज में नाविकों के लिए भी हमने पैकेज की घोषणा की है।

## बीस साल से फरार चल रहे गैंगस्टर के आरोपी को किया गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 5 मार्च (बु.)।** थाना सिविल लाइन पुलिस ने गैंगस्टर के बीस साल से फरार चल रहे आरोपी को हरिद्वार से गिया गिरफ्तार। थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि बागपत जनपद के थाना दोघट के बामनौली निवासी विकास को २१ साल पहले 2004 में लूट के एक मामले में उसके साथियों के साथ गिरफ्तार किया गया था। उसके बाद पुलिस ने आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोपी विकास के कोर्ट में पेश न होने पर उसे भगौड़ा घोषित किया गया था, जिसकी तलाश में पुलिस पिछले बीस वर्षो से लगी हुई थी। कई बार पुलिस उसके गृह जनपद बागपत पहुंची तो वह परिवार के साथ गांव छोड़कर भाग गया। बुधवार को इस मामले में थाना सिविल लाइन पुलिस को सफलता मिली और गैंगस्टर में वांछित विकास को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि पुलिस से बचने के लिए वह हरिद्वार जनपद के लण्ढौरा में रह रहा था। पुलिस ने पूछताछ के बाद आरोपी का चालान कर दिया।

## मायावती ने सहारनपुर के रणधीर बेनीवाल को नेशनल कॉर्डिनेटर बनाया

**सहारनपुर, 05 मार्च (एजेंसी)।** जेजेपुरम निवासी रणधीर सिंह बेनीवाल को बहुजन समाज पार्टी में नेशनल कोर्डिनेटर की जिम्मेदारी मिली है। पार्टी सुप्रीमो एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने अपने भाई आनंद कुमार को नेशनल कॉर्डिनेटर पद से हटाते हुए रणधीर बेनीवाल पर भरोसा जताया है। इससे जनपद के पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं में उत्साह की लहर है। रणधीर बेनीवाल नगर पालिका सहारनपुर में सभासद भी रहे हैं। उनकी पुत्रवधू पहले बोर्ड में पार्षद रही हैं। वह शुरू से ही बहुजन समाज पार्टी का झंडा थामे रहे। उन्हें 2014 में सहारनपुर जिला प्रभारी पद की जिम्मेदारी पार्टी ने दी थी। इसके बाद 2016 से 2018 तक वह सहारनपुर और मेरठ मंडल के भाईचारा कमेटी के मंडल प्रभारी रहे। जून 2018 से वह हरियाणा, पंजाब, हिमाचल और चंडीगढ़ के प्रभारी हैं, जो लगातार इन राज्यों में पार्टी की मजबूती के लिए काम करते रहे। रणधीर बेनीवाल शांत स्वभाव के अनुशासित नेता माने जाते हैं। यही वजह है कि पार्टी सुप्रीमो मायावती ने अपने भाई आनंद के बाद उन पर भरोसा जताते हुए नेशनल कॉर्डिनेटर पद की जिम्मेदारी सौंपी है। उनको जिम्मेदारी दिए जाने से एक ओर जहां उनका परिवार गदगद है।



# यूपी में 41 पीसीएस अधिकारियों को मिली नई जिम्मेदारी, पूरे प्रदेश में हुआ बड़ा उलटफेर

**लखनऊ, 05 मार्च (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में तबादलों का सिलसिला जारी है। पहले आईपीएस अधिकारियों को इधर से उधर किया गया है तो अब बड़े स्तर पर पीसीएस अधिकारियों को नई जिम्मेदारी सौंप दी गई है। यूपी में 41 पीसीएस अधिकारियों का होली से पहले तबादला कर उन्हें नई जिम्मेदारी दे दी गई है। पीसीएस जैनेंद्र सिंह को अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) देवरिया बनाया गया है। जबकि पीसीएस जंगबहादुर यादव को अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) रामपुर और संजय कुमार सिंह को उप निदेशक मंडी परिषद लखनऊ नियुक्त किया गया है।

पीसीएस गौरव श्रीवास्तव को सिद्वार्थनगर का अपर जिलाधिकारी वि।रा। बनाया गया है। जबकि ममता मालवीय का अपर जिलाधिकारी मुरादाबाद के पद पर तबादला कर दिया गया है। इसी तरह जैनेंद्र सिंह को अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) देवरिया, दिनेश को मऊ का मुख्य राजस्व अधिकारी, पूर्णिमा सिंह अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) बरेली और भानु प्रताप यादव को अपर आयुक्त सहारनपुर के पद पर भेजा गया हैं। अतुल कुमार द्वितीय का अपर आयुक्त आजमगढ़, राजीव पांडेय का अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) इटावा और मनोज कुमार तिवारी का अपर आयुक्त बस्ती मंडल में तबादला कर दिया गया है। वहीं विनोद कुमार पांडेय को नगर मजिस्ट्रेट फिरोजाबाद, संजीव कुमार शाक्य को अपर जिलाधिकारी प्रयागराज बनाया गया है। ज्ञानेश्वर प्रसाद को अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) मैनपुरी, खालिद अंजुम को अपर जिलाधिकारी सीतापुर, भारत राम को अपर जिलाधिकारी बुलंदशहर, अशोक कुमार यादव को अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) ललितपुर, संदीप कुमार श्रीवास्तव को अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) बदायूं, जंगबहादुर यादव को अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) रामपुर और ज्ञान प्रकाश यादव को अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) सिद्धार्थनगर बनाया गया है। रमेश चन्द्र को अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) सोनभद्र, नीरज प्रसाद को अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) औरय्या और रमेश मौर्य को अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) एटा नियुक्त किया गया है। तबादलों के क्रम में राजेश चन्द्र को अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) मेरठ, राम आसरे वर्मा को अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) सहारनपुर, मंजूर अहमद अंसारी को अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) कासगंज बनाया गया है। इसी तरह सुशील कुमार यादव को अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) मुजफ्फरनगर, जयजीत सिंह हौरा को अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) महराजगंज, जितेंद्र पाल को अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) मुरादाबाद और दिग्विजय कुमार सिंह को अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) कानपुर देहात नियुक्त किया गया है। रतन को अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) चंदौली, चंदेश कुमार को अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) संतकबीरनगर, योगेंद्र सिंह को अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) जालौन, अनिल कुमार को अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) लखीमपुर खीरी बनाया गया है। वहीं दिनेश कुमार को अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) फरुर्खाबाद, अशोक कुमार को अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) श्रावस्ती, सौरभ शुक्ला को अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) पीलीभीत, रंजीत कुमार को अपर जिलाधिकारी न्यायिक अंबेडकर नगर और देश दीपक सिंह को अपर जिलाधिकारी न्यायिक बरेली बनाया गया है। संजय कुमार सिंह को उप निदेशक मंडी परिषद लखनऊ नियुक्त किया गया है। लवी त्रिपाठी को मेरठ नगर निगम में अपर नगर आयुक्त की जिम्मेदारी सौंपी गई है। आशुतोष कुमार राय को मुरादाबाद नगर निगम में अपर नगर आयुक्त बनाया गया है। इसी तरह अंगद यादव को उप जिलाधिकारी बुलंदशहर बनाया गया है।

शेष - राजस्व वसूली में ....

विगत वर्ष के सापेक्ष वसूली का प्रतिशत काफी कम पाया गया, जो चिंता का विषय है, जबकि वित्तीय वर्ष 2024-25 की समाप्ति में मात्र कुछ दिन शेष है। उनका कहना है कि वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में पालिका द्वारा अभी तक अपने निर्धारित सामान्य लक्ष्य के सापेक्ष वसूली को भी पूर्ण नहीं किया गया। इसे लेकर कर और जल विभागों के विभागध्यक्षों को राजस्व वसूली में गम्भीरता लाने, बकायादारों के खिलाफ अभियान चलाने और प्रतिदिन समीक्षा कर रिपोर्ट उपलब्ध कराने के लिए कहा गया है। इसके लिए उन्होंने चेयरपर्सन को भी राजस्व वसूली की स्थिति से अवगत करा दिया है।